रोहतक
गुरुवार, 4 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 27, अंक : 343
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 12.0
न्यूल. 3.0

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



08 सीजेआई की चेतावनी, वकील साहब धीरे बोलें, वर्ना कोर्ट से बाहर कर दूंगा

## खबर संक्षेप



### कूनो में गूंजी किलकारी मादा चीता आशा ने तीन शावकों को दिया जन्म

**श्योपुर।** श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क से एक बड़ी खुशखबरी आई है। मादा चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया है। तीनों शावक पूरी तरह से स्वस्थ हैं। डीएफओ थिरुकुराल आर ने इसकी पुष्टि की है। नेशनल पार्क का मैदानी अमला और डॉक्टरों की टीम शावकों पर नजर बनाए हुए हैं। कूनो में अब कुल 18 चीता और शावक हो गए हैं। 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से 8 चीते लाए गए थे। उनमें आशा भी शामिल थी। भाषा

### ट्रक चालक काम पर लौटेः एआईएमटीसी

**नई दिल्ली।** 'हिट एंड रन' के नए कानून के खिलाफ हड़ताल पर गए ट्रक चालकों ने काम पर लौटना शुरू कर दिया है और एक-दो दिन में हालात सामान्य हो जाएंगे। ट्रक चालक संघ अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। एआईएमटीसी ने सरकार के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी ट्रक चालकों से हड़ताल खत्म करने की अपील की थी। भाषा

### कुलगाम में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरा

**कुलगाम।** कुलगाम के हादिगाम में बुधवार देर रात सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच भीषण मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से जबरदस्त फायरिंग की गई। सूत्रों का कहना है कि सुरक्षाबलों ने दो से तीन आतंकियों को इस क्षेत्र में घेर लिया है। कुलगाम पुलिस सेना और सीआरपीएफ ने मोर्चा संभाल लिया है। समाचार लिखे जाने तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एजेंसी

## बोले, संघ को बहाल करें वर्ना अवॉर्ड लौटाएंगे

# कुश्ती में नया विवाद : बजरंग, साक्षी व विनेश के खिलाफ जूनियर पहलवान हुए एकजुट, जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन

## यूपी, हरियाणा और दिल्ली से पहुंचे पहलवान

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती में जारी संकट में बुधवार को नया मोड़ आ गया जब सैकड़ों जूनियर पहलवान अपने कैरियर में एक महत्वपूर्ण साल बर्बाद होने के खिलाफ जंतर मंतर पर जमा हुए और उन्होंने इसके लिए शीर्ष पहलवानों बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट को दोषी ठहराया। ये जूनियर पहलवान उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से यहां पहुंचे। इनमें से करीब 300 बागपत के छपरौली के आर्य समाज अखाड़े से थे, जबकि कई नरेला की वीरेंद्र कुश्ती अकादमी से भी थे। सुरक्षाकर्मियों को उन्हें काबू करने में काफी परेशानी हुई। ये पहलवान बजरंग, साक्षी और विनेश के खिलाफ नारे लगा रहे थे। इन्होंने बैनर पकड़ रखे थे, जिस पर तीनों पहलवानों की तस्वीरों के साथ लिखा था,'कर दिया देश की कुश्ती को बर्बाद, साक्षी, बजरंग और फोगाट।'

### दस दिन में हटाएं संघ से प्रतिबंध

जूनियर पहलवान सुबह 11 बजे जंतर-मंतर पहुंचे और तीन घंटे बाद यह चेतावनी देकर निकल गए कि अगर सरकार ने डब्ल्यूएफआई पर लगा प्रतिबंध दस दिन के भीतर नहीं हटाया तो वे अपने पुरस्कार वापस लौटा देंगे। प्रदर्शनकारी पहलवानों में से कइयों के पास आखिरी बार जूनियर स्तर पर खेलने का मौका था।

### लगाए नारे, शीर्ष पहलवानों ने हमारा एक साल बर्बाद करवाया



### यह सांकेतिक प्रदर्शन

अर्जुन पुरस्कार प्राप्त और 2023 एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता पहलवान सुनील राणा ने कहा, 'यह सांकेतिक प्रदर्शन था। डब्ल्यूएफआई का निलंबन रद करने और उसे आयु वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन करने की अनुमति देने के लिए हम सरकार को 10 दिन का समय दे रहे हैं। अगर ऐसा नहीं किया तो हम अर्जुन पुरस्कार और अन्य पुरस्कार वापिस करना शुरू कर देंगे।

### विरोध के बाद अंडर-15, अंडर-20 नेशनल का ऐलान

छह सप्ताह के भीतर होगी प्रतियोगिता

जूनियर पहलवानों के धरने का असर बुधवार को देखने को मिला। अस्थायी तौर पर भारतीय कुश्ती से जुड़े मामलों का प्रबंधन कर रहे तदर्थ पैनल ने बुधवार को ही छह सप्ताह के भीतर अंडर 15 और अंडर 20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की घोषणा की। इससे कुछ ही घंटे पहले जूनियर पहलवानों ने जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर तदर्थ पैनल को भंग करने की मांग की थी। पैनल ने उन युवा पहलवानों की चिंताओं को स्वीकार किया जो भारत के शीर्ष पहलवानों के साल भर के विरोध प्रदर्शन से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ देश के शीर्ष तीन पहलवान बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट के विरोध प्रदर्शन के बाद देश में कुश्ती गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। (खेल पेज भी देखें)

## प्रदेश कैबिनेट की बैठक में अहम फैसले, सीएम का ऐलान

# 372 करोड़ के पानी के बिल माफ, 28.87 लाख को लाभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ग्रामीण परिवारों को सरकार ने बड़ी राहत दी है। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के लंबे समय से बकाया 374.28 करोड़ रुपये के पानी बिल माफ कर दिए हैं। कैबिनेट के इस फैसले का फायदा ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 28.87 लाख घरों को मिलेगा। प्रदेश सरकार के इस कदम से राज्य भर में सामान्य श्रेणियों और अनुसूचित जाति के करोड़ों पेयजल उपभोक्ताओं को लाभ होगा। अब ग्रामीणों से सिर्फ एक साल के पानी बिल लिए जाएंगे। कैबिनेट ने ग्रामीण क्षेत्रों में 1 अप्रैल 2015 से 31 दिसंबर 2023 तक जमा हुए पेयजल शुल्क पर कुल 37.93 करोड़ का सरचार्ज और ब्याज माफ करने को मंजूरी दी, यह निर्णय ग्रामीण परिवारों पर वित्तीय भार को कम करने, आवश्यक संसाधनों तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है। बैठक में कुल 15 एजेंडे पास किए गए हैं।

### बैठक में 15 एजेंडे पास हुए

6000 से अधिक चौकीदारों को 400 रुपये मिलेंगे

■

पिछला वर्ग बीसी-ए सूची में संशोधन होगा

■

प्रदेश के 3836 मंदिरों में दीपोत्सव मनाया जाएगा, इसके लिए तैयारियां पूरी

■

15 जनवरी तक 60 लाख परिवारों तक अक्षत, राम मंदिर का चित्र और पत्रक पहुंचाएंगे



### चौकीदारों के लिए ऐलान

मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा के 6,000 से अधिक ग्रामीण चौकीदारों को सरकार ने हर महीने 400 रुपये देने का फैसला किया है। उन्हें यह रकम अपने एरिया में होने वाली किसी जनहानि या अनहोनी से जुड़ी जानकारी संबंधित महकमे को देने के एवज में मिलेगी। यही नहीं, ग्रामीण चौकीदारों को रिटायरमेंट पर सरकार की ओर से 2 लाख रुपये की एकमुश्त रकम भी देगी।

### गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगों को 2750 रुपये पेंशन

राज्य में गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगों को भी हर महीने 2750 रुपये बतौर पेंशन दिए जाएंगे। जिन परिवारों की वार्षिक आय 3 लाख से कम है उन्हें यह पेंशन दी जाएगी। योजना के अनुसार राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति-2021 में कुल 55 दुर्लभ बीमारियों का उल्लेख है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 1000 मरीज इन अधिसूचित दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित हैं।

### टीआई को चालान की पावर

मीटिंग में परिवहन विभाग की प्रवर्तन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हरियाणा मोटर वाहन नियम 1993 के नियम 225 के तहत परिवहन निरीक्षकों (टीआई) को चालान करने की शक्तियां प्रदान करने की मंजूरी दी गई। राज्य में इको-टूरिज्म के विकास की नीति को मंजूरी प्रदान की गई। इस नीति का उद्देश्य राज्य की समृद्ध जैव विविधता, परिस्थितिकी तंत्र, विरासत स्मारकों और सांस्कृतिक विविधताओं का संरक्षण करना है।

### अयोध्या तक विशेष ट्रेन

15 जनवरी तक 60 लाख परिवारों तक अक्षत, राम मंदिर का चित्र और पत्रक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रदेश में अब तक 1846 स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली जा चुकी हैं। अयोध्या में राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशेष ट्रेन चलाई जा रही हैं। इसके लिए सरकार की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है। *(संबंधित पैकेज पेज दो पर)*

### वन्य प्राणी विभाग से जुड़े नियम बदले

हरियाणा वन्य प्राणी विभाग से जुड़े कुछ नियमों में भी बदलाव को भी मंजूरी दी गई। अब स्टेट के नियमों से मुख्य वन्यजीव वार्डन का पद हटा दिया गया है और इसे भारत सरकार के आईएफएस कैडर में पीसीसीएफ लेवल पर शामिल किया गया है।

### पिछड़ा वर्ग

पिछड़ा वर्ग की राज्य सूची (बीसी-ए) में संशोधन करने को मंजूरी प्रदान की गई है। पिछड़ा वर्ग की राज्य सूची (ब्लॉक-ए) में 6 जातियों अहेरिया, अहेरी, हेरी, हरि, तुरी या थोरी को हटाया है। क्रम संख्या-31 पर जंगम-जोगी शब्द को जंगम के रूप में संशोधित किया गया।

### मंदिरों में दीपोत्सव

सीएम ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी हरियाणा के 3836 मंदिरों में दीपोत्सव मनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इन मंदिरों में 31 दिसंबर तक अक्षत कलश रखवाए गए थे, जिनका वितरण एक जनवरी से शुरू हो गया है। बड़ी स्क्रीन पर अयोध्या का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा।

## गोगामेड़ी हत्याकांड

# प्रदेश के तीन जिलों में एनआईए के छापे

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

राजस्थान के राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड की जांच कर रही नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की अलग-अलग टीमों ने बुधवार की सुबह राजस्थान-हरियाणा में करीब 31 ठिकानों पर छापेमारी की और सबूत जुटाए। इनमें अकेले महेंद्रगढ़ के ही 7 गांवों गुढ़ा, केमला, पाथेड़ा, खुडाना, दौंगड़ा जाट, सुरहेती, पिलानिया, मुंडिया खेड़ा में टीमें पहुंची। एक टीम ने गोगामेड़ी हत्याकांड को अंजाम देने वाले शूटर नितिन फौजी के गांव दौंगड़ा जाट में भी जांच की। इसके साथ एनआईए ने गैंगस्टर महेश सैनी के रेवाड़ी की सत्ती कॉलोनी में स्थित घर में छानबीन की। रेवाड़ी के ही गांव भांडोर में नीरज के घर पर भी रेड हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नीरज लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है। सुबह करीब साढ़े 5 बजे टीमों ने एक साथ अलग-अलग जगह पर रेड की। इसके अलावा हिसार में भी तीन स्थानों पर छापेमारी की गई।

### इन जिलों में कार्रवाई

**हिसार**

सातरोड़ कलां, दाहिमा और बरवाला शहर में छापेमारी की। यहां करीब 3 घंटे तक लोगों से पूछताछ की गई। दाहिमा के अर्जुन यादव से पूछताछ के बाद टीम ने उसका मोबाइल फोन व कुछ अन्य सामान कब्जे में लिया है। इस बीच शराब ठेकेदार फरार हो गया।

**रेवाड़ी**

एनआईए की टीम ने महेश सैनी के सती कॉलोनी स्थित मकान पर जांच की, तो नीरज भांडोर निवासी नीरज के घर दबिश दी। महेश 30 से अधिक मामलों में वांछित है। करीब 7 घंटे तक महेश सैनी के घर को खंगाला। नीरज के लारेंस बिश्नोई गैंग के साथ संबंध बताए जा रहे हैं। यह भी बताया गया है कि नीरज कुख्यात गैंगस्टर लारेंस के संपर्क में रहा है।

**महेंद्रगढ़**

यहां के सात गांवों गुढ़ा, केमला, पाथेड़ा, खुडाना, दौंगड़ा जाट, सुरहेती, पिलानिया, मुंडिया खेड़ा में टीमें पहुंची और जांच की। यहां एनआईए की 11 टीमों ने छापेमारी की तथा सुबह 10 बजे तक कार्रवाई चली। गोगामेड़ की हत्या के आरोपितों में एक नीतिन फौजी जिले के दौंगड़ा जाट गांव का ही रहने वाला है।

## अधिकारियों ने इसे आतंकी हमला बताया

# ईरान में 2 विस्फोटों में 103 लोगों की मौत, 188 घायल

भाषा ▶▶ तेहरान/दुबई

ईरान के करमान शहर में बुधवार को हुए दो धमाकों में 103 लोगों की मौत हो गई, जबकि 188 घायल हुए हैं। ईरान की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। मीडिया ने बताया कि 2020 में अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए जनरल कासिम सुलेमानी की बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में ये धमाके हुए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इन धमाकों को 'आतंकवादी' हमला करार दिया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि पश्चिम एशिया की गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल की सैन्य कार्रवाई के बीच हुए इन धमाकों के पीछे कौन है।

### सुलेमानी की हत्या की चौथी बरसी पर वारदात

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने देश की आपातकालीन सेवाओं के प्रवक्ता बाबक यकतापरस्त के हवाले से हताहतों की जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि ये धमाके रिवोल्यूशनरी गार्ड्स एलीट कुद्स फोर्स के प्रमुख रहे जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या की चौथी बरसी पर करमान में उनकी कब्र के करीब आयोजित एक कार्यक्रम में हुए। जनरल सुलेमानी 2020 में इराक में अमेरिका द्वारा किए गए ड्रोन हमले में मारे गए थे।



### 15 मिनट में दो धमाके

तस्वीरों से पता चलता है कि दूसरा धमाका पहले धमाके से लगभग 15 मिनट बाद हुआ। अकसर आतंकवादियों द्वारा घटनास्थल पर प्रतिक्रिया दे रहे आपातकालीन कर्मियों को निशाना बनाने और अधिक लोगों को हताहत करने के इरादे से दूसरे धमाके को थोड़े समय बाद किया जाता है। टेलीविजन तस्वीरों में लोग चिल्लाते दिख रहे हैं।

## 'अवैध' खननः झारखंड सीएम के करीबियों पर छापे

**रांची(भाषा)।** झारखंड में सियासी हलचल के बीच ईडी ने बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के ठिकानों पर रेड की है। ईडी ने अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में यह कार्रवाई की है। रांची में सीएम के करीबी सहयोगियों के घर भी दबिश दी है। इसमें आईएएस और साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव (राजस्थान, साहिबगंज), खोदनिया ब्रदर्स (साहिबगंज), पूर्व विधायक पप्पू यादव शामिल हैं। सीएम के प्रेस सलाहकार के घर के बाहर सुरक्षाबल तैनात है। प्रेस सलाहकार पिंटू के घर ईडी की टीम ने मिस्त्री बुलाकर लॉकर तुड़वाया। लॉकर से अहम दस्तावेज मिलने की संभावना है। वहीं, दूसरी ओर ईडी की टीम सीएम के करीबी विनोद सिंह और आर्किटेक्ट रौशन के रातू रोड के पिस्का मोड स्थित आवास पहुंचकर भी छापेमारी कर रही है। डीएसपी राजेंद्र दुबे (हजारीबाग और अन्य स्थानों), अभय सरावगी (कोलकाता), सिपाही अवधेश कुमार के घर पर भी छापेमारी हुई है।

**12 ठिकानों पर ईडी ने की कार्रवाई**

# गुरुग्राम के होटल में मॉडल की हत्या

## होटल मालिक ने 10 लाख देकर शव ठिकाने लगवाया

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** मॉडल दिव्या पाहूजा (27) की एक होटल में गोली मारकर हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने होटल मालिक समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इन आरोपितों को उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब ये मॉडल की लाश को होटल से बीएमडब्ल्यू कार में रखकर ठिकाने लगाने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि मुंबई में 2016 में गैंगस्टर संदीप गाडोली हत्याकांड के आरोपियों में दिव्या का नाम भी शामिल था। मॉडल की हत्या होटल सिटी पॉइंट में गोली मारकर की गई। बता दें कि दिव्या गैंगस्टर संदीप गाडोली की गर्लफ्रेंड रह चुकी है। पुलिस को छानबीन के दौरान होटल में कमरे की दीवार पर खून के धब्बे मिले हैं। सीसीटीवी फुटेज सामने भी आई है, जिसमें कुछ लोग युवती के शव को खींचकर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। बलदेव नगर की रहने वाली दिव्या की बहन की शिकायत पर पुलिस ने कत्ल और लाश खुर्द-बुर्द करने का केस दर्ज कर लिया।



बीएमडब्ल्यू में लाश ले जाते समय गिरफ्तार

●

सीसीटीवी में लाश घसीटते दिखे होटल कर्मी

### होटल मालिक पर आरोप

पुलिस ने हिसार के मॉडल टाउन के रहने वाले होटल मालिक अभिजीत सिंह और उसके 2 साथियों नेपाल के हेमराज व पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने कहा कि दिव्या उसकी अश्लील फोटो को लेकर उसे ब्लैकमेल कर रही थी। इसलिए उसने गोली मार दी। इसके बाद उसकी लाश को कार में डाला और 2 साथियों को 10 लाख रुपये देकर ठिकाने लगाने भेज दिया।

**अलर्ट** मौसम विभाग का दावा, अभी राहत मिलने के आसार नहीं

## *शिमला से ठंडे रेवाड़ी-महेंद्रगढ़, 3 डिग्री पर आया न्यूनतम पारा*

# प्रदेश में पांच दिन प्रचंड सर्दी पाला जमेगा और पारा गिरेगा

**नारनौल (हरिभूमि न्यूज)।** पहाड़ों पर पड़ रही भारी बर्फबारी से मैदानी भागों में गलनभरी सर्दी ने लोगों के हाड़ कंपकंपाने शुरू कर दिए हैं। पूरे प्रदेश में ठंड अपने प्रचण्ड तेवर दिखा रही है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों में कड़ाके की ठंड का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि गंभीर कोल्ड डे, सघन कोहरा, गंभीर शीतलहर, जहां कोहरा नहीं होगा, वहां पाला जमने की संभवना है। बुधवार को अधिकांश जिलों में धूप नहीं निकली। तीन जिले हिसार, फतेहाबाद व करनाल में कड़ाके की ठंड से लोगों को काफी परेशानी हुई। अंबाला और रोहतक में भी ऐसे ही हालात रहे। करनाल में दिन का तापमान 9.1 डिग्री, रेवाड़ी में न्यू. पारा 3 डिग्री, महेंद्रगढ़ में 3.3 डिग्री रहा। यह तापमान शिमला से भी कम है। शिमला में तापमान 4 डिग्री से ऊपर चल रहा है।



### 24 घंटे में ये हालात

प्रदेश में 24 घंटे में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 8 डिग्री नीचे आ गया। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3 डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया है। सबसे अहम बात यह है कि राज्य के सभी 22 जिलों में दिन का पारा 14 डिग्री और रात का पारा 10 डिग्री से नीचे ही रहा।

### यह करें किसान

अगर पाला जमने की गतिविधियां बने, तो किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी कृषि फसलों में हल्की-फुल्की सिंचाई करें तथा धूंआ का प्रबंध करें, साथ ही पालतू पशुओं को टीनशेड व छप्परों में बांधने का प्रबंध करें।

### आगे क्या

मौसम विशेषज्ञ डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि अभी पांच दिनों में ठंड का पंच कोल्ड डे, कोल्ड वेब, कोहरा, पाला जमने की स्थिति, सूखी ठंड देखने को मिलेगी। सात जनवरी को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में कड़ाके की ठंड से आंशिक राहत मिलने के आसार बन रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते आठ व नौ जनवरी के दौरान हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिले में मौसम में बदलाव व तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। इसके अलावा सीमित स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी की भी संभावना बन रही है।

**फैसला** सेबी को जांच के लिए और तीन महीने का समय दिया

## *कोर्ट के फैसले के बाद अडाणी बोले, सत्यमेव जयते*

# अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट का एसआईटी जांच से इनकार

### सेबी ने 24 में से 20 मामलों की जांच पूरी की

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी समूह को बड़ी राहत देते हुए, समूह द्वारा शेयर मूल्य में हेराफेरी किए जाने के आरोपों की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) या सीबीआई से कराने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि बाजार नियामक सेबी व्यापक जांच कर रहा है। शीर्ष अदालत ने सेबी को दो लंबित जांच को तेजी से और प्राथमिकता के साथ तीन महीने के अंदर करने का निर्देश भी दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि अदालत को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की नियामक नीतियों में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए। पीठ ने कहा कि जांच का जिम्मा किसी और को सौंपे जाने की जरूरत नहीं है। शीर्ष अदालत ने साथ ही कहा कि सेबी ने अडाणी समूह पर आरोपों से जुड़े 24 में से 22 मामलों में अपनी जांच पूरी कर ली है।

### यह कहा पीठ ने

पीठ ने अपने आदेश में कहा, 'सेबी की ओर से सॉलीसिटर जनरल ने जो आश्वासन दिया है उस पर गौर करते हुए हम सेबी को दो लंबित जांच तेजी से पूरी करने, विशेषतः तीन माह के भीतर करने के आदेश देते हैं।' इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए उद्योगपति गौतम अडाणी ने कहा कि 'सत्यमेव जयते'।



### रिपोर्ट खारिज

'ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) पर एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश उस रिपोर्ट को भी पीठ ने खारिज किया जिसमें कहा गया था कि सेबी जांच के प्रति उदासीन है।' पीठ ने कहा 'किसी तीसरे पक्ष के संगठन के आरोपों की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के किसी भी प्रयास के बिना उसे निर्णायक प्रमाण नहीं माना जा सकता।'

## खबर संक्षेप

### जनसंवाद यात्रा मील का पत्थर : संजय शर्मा

**चंडीगढ़।** भाजपा हरियाणा के प्रदेश मीडिया प्रमुख डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा देश को विकसित बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का रथ देश और प्रदेश के हर गांव में पहुंच रहा है। डा. शर्मा ने ये बातें बुधवार को कालका विधानसभा के रायपुर रानी खंड के गांव टोडा और ककराली में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई कल

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। निगम प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों नामतः करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण पांच जनवरी को मुख्य अभियंता रोहतक के कार्यालय में किया जाएगा।

### वन लगाने को खरीदी जाएगी भूमि : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश के 10 जिलों में वन लगाने के लिए करीब 5 हजार एकड़ जमीन ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से खरीदने के कार्य की समीक्षा की। उन्होंने पटौदी और रेवाड़ी के बीच शेरशाह सूरी मार्ग पर करीब 88 फुट लम्बे हिस्से का वन विभाग से लंबित मामले का समाधान करने के भी निर्देश दिए।

### उमेद लोहान इनेलो के राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त

**चंडीगढ़।** इनेलो सुप्रीमो एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश चौटाला ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श उपरांत राष्ट्रीय एवं प्रदेश प्रवक्ता समेत पार्टी प्रवक्ताओं की नियुक्ति की। उमेद लोहान को राष्ट्रीय प्रवक्ता और डा. सतबीर सिंह सैनी को प्रदेश प्रवक्ता की कमान सौंपी गई है। साथ ही विजेंद्र रेढ़ू, रजत पंजेटा, राजवंत ढहीनवाल, अमनदीप केसरी, संदीप गोयत, कुमारी जगजीत कौर, स. ओंकार सिंह, अर्जुन सुढैल, कृष्ण कुटैल, उदयवीर राणा, विकास मेहता, रानी रावत, अनु सूरा और एडवोकेट प्रदीप छोक्कर को पार्टी प्रवक्ता नियुक्त किया।

### सिरसा में कॉस्को क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सिरसा/ चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से देश की सबसे बड़ी ग्रामीण क्रिकेट कॉस्को टूर्नामेंट का आयोजन किया है। बुधवार को जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला और विधायक नैना चौटाला ने रिसालियाखेड़ा में जननायक चौधरी देवीलाल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

### बार एसोसिएशन सदस्यों ने चंद्रमोहन से की भेंट

**पंचकूला।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन से उनके आवास स्थान पर पूर्व चेयरमैन विजय बंसल एडवोकेट नेतृत्व में जिला पंचकूला बार एसोसिएशन प्रधान जगपाल सिंह,उप प्रधान सूरज प्रकाश, सचिव अमन दत्त शर्मा,दीपांशु बंसल,यशपाल राणा,नवीन बंसल,सालग राम चौधरी,सुरेश पाल शर्मा,विपिन गुप्ता, प्रवीन नायडू,नायब सिंह,राजेंद्र,कृष्ण मोहन वोहरा,प्रदीप,सुमित पासी, अमित हुडा,अमित मोर,राजेश कौशिक,रोहित शर्मा समेत अन्य अधिवक्ताओं ने मुलाकात की।

### तीर्थों का जीर्णोद्वार कर रही सरकार : सैनी

**चंडीगढ़।** सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश व प्रदेश की सांस्कृतिक,धार्मिक विरासत को सहेजने और सरंक्षण देने का कार्य किया है। देश व प्रदेश के धार्मिक तीर्थ स्थलों का निरंतर जीर्णोद्वार व सौंदर्यकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कुरूक्षेत्र की 48 कोस की परिधि में पड़ने वाले सभी तीर्थों का जीर्णोद्वार करने का बीड़ा उठाया है। सांसद नायब सिंह सैनी बुधवार को कैथल में करीब 95 लाख से होने वाले सौदर्यीकरण का शुभारंभ किया।

# अब अफ्रीका में खेती करेंगे हमारे किसान

**अफ्रीकी देशों के राजदूत के साथ चर्चा के बाद एमओयू हस्ताक्षर की प्रक्रिया में**

**किसानों को विदेशों में सफल बनाने के लिए सरकार देगी प्रशिक्षण और सहायता**

## किसान समूहों का गठन कर उन्हें अफ्रीकी देशों में भेजा जाएगा : मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार हरियाणा के किसानों को अफ्रीकी देशों में भेजकर व्यापक कृषि क्षमताओं का लाभ उठाने की योजना बना रही है। इस महत्वाकांक्षी प्रयास का उद्देश्य हरियाणा के मेहनती कृषक समुदाय को नए अवसर प्रदान करना है। अफ्रीकी राष्ट्र के राजदूत के साथ चर्चा के बाद राज्य सरकार एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में है और इस सहयोग को औपचारिक रूप देने के लिए शीघ्र ही एमओयू का आदान-प्रदान किया जाएगा। एमओयू के बाद हरियाणा सरकार द्वारा इच्छुक किसानों को इस अनूठे अवसर का लाभ लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। तत्पश्चात किसान समूहों का गठन किया जाएगा और उन्हें अफ्रीकी देशों में भेजा जाएगा, जहां वे अपनी कृषि विशेषज्ञता का उपयोग कर वहां उपलब्ध कृषि परिदृश्य से लाभ उठा सकते हैं। विदेश भेजने से पहले सरकार उन्हें विदेश में कृषि प्रयासों में उनकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रशिक्षण और आवश्यक सहायता भी प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी बुधवार यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने ने बताया कि औद्योगिकीकरण और अन्य विकासात्मक गतिविधियों के



कारण हरियाणा में घटती भूमि जोत से सरकार ने राज्य के किसानों के लिए वैकल्पिक रास्ते तलाशने के लिए पहल की है। मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में सफल कृषि उद्यमों से प्रेरणा लेते हुए हरियाणा भी इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोहराएगा। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्लेसमेंट के लिए युवाओं को विदेशों में अवैध तरीके से भेजे जाने पर रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। इच्छुक व्यक्तियों के लिए वैध अवसरों की सुविधा के लिए सरकार ने विदेशी सहयोग विभाग और ओवरसीज प्लेसमेंट सेल की स्थापना की है। इनका कार्य विदेश में रोजगार के अवसरों की तलाश कर रहे युवाओं की नियुक्ति के समन्वय के लिए कार्य करना है। ऐसे व्यक्तियों के लिए व्यापक प्रशिक्षण एचकेआरएन के माध्यम से दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने एक विशेष विधेयक लाकर 58 वर्ष की आयु तक अतिथि शिक्षकों के रोजगार को सुरक्षा प्रदान की है। फिलहाल उनकी सेवाओं के नियमितीकरण का कोई प्रावधान नहीं है। साथ ही नियमित भर्ती के प्रयास भी जारी हैं। लेकिन इस प्रक्रिया में भर्ती रोको गैंग व्यवधान पैदा कर रहे हैं। राज्य भर में भर्ती प्रक्रिया को सुचारू रूप से जारी रखने को सुनिश्चित करने के लिए सरकार सक्रिय रूप से इन बाधाओं की निगरानी और समाधान कर रही है।विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 60 प्रतिशत जन संवाद कार्यक्रम पहले ही सफलतापूर्वक किये जा चुके हैं। प्रति कार्यक्रम लगभग 800 व्यक्तियों की प्रभावशाली औसत उपस्थिति के साथ, ये इंटरैक्टिव सत्र इस वर्ष 25 जनवरी तक जारी रहेंगे।यात्रा का सफल आयोजन करने के मामले में हरियाणा देश में अग्रणी है, जो हमारे लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ व अन्य मौजूद रहे।

### इजराइल जाने में 4000 युवाओं ने दिखाई रुचि

मुख्यमंत्री ने कहा कि इजरायल में मैनपावर की मांग के अनुरोध में हमने विज्ञापन जारी किया, जिसके परिणामस्वरूप 4000 युवाओं ने विदेशों में रोजगार हेतु रुचि व्यक्त की। इन्हें एमडीयू, रोहतक में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं को विदेश में रोजगार के अवसर तलाशने के लिए कानूनी तरीके से विदेश जाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 15 जनवरी के आसपास अगला विज्ञापन जारी किया जाएगा। आगामी नगर निगम चुनावों के संबंध में पूछे गए सवालों के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि अधिकांश नगर पालिकाओं के लिए वार्डबंदी प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। इसे अंतिम रूप दिए जाने के तुरंत बाद इन नगर पालिकाओं के लिए चुनाव निर्धारित किए जाएंगे।

## रेवाड़ी एम्स का शिलान्यास जल्द किया जाएगा : सहकारिता मंत्री

■ सिविल सचिवालय में ली बैठक, कृषि मंत्री दलाल भी मौजूद रहे

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जनस्वास्थ्य मंत्री डाक्टर बनवारी लाल ने कहा कि जल्द ही रेवाडी में बनने वाले ऑल इंडिया इस्टीच्यूट ऑफ मेडिकल सांइस का शिलान्यास किया जाएगा। इस संस्थान के निर्माण पर लगभग 1236 करोड़ रुपए की लागत आएगी । जन स्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल व कृषि मंत्री जेपी दलाल सिविल सचिवालय में विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने 710 कम्प्युटर, प्रिंटर, आदि की खरीद प्रक्रिया बारे भी विस्तार से बातचीत की। बैठक में एसीएस वी राजशेखर हैफेड एमडी जे गणेशन, एम डी कोआपरेटिव बैंक सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जनस्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को साझा डेयरी प्रोजेक्ट पर जल्द से जल्द प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साझा डेयरी प्रोजेक्ट बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन व्यवसाय करने वालो लोगों को संयुक्त रूप से पशुपालन के लिए जगह मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि हर जिलें में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इस योजना का शुभारम्भ जल्द ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सांझा डेयरी सहकारिता के क्षेत्र में बहुत ही कारगर प्रोजैक्ट है।

**कार्यालय : खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, गोहाना**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड गोहाना के कार्यालय में कमरों की चौखट बदलवाने, रिपेयर का कार्य, पैंट, ग्राउड में आईपीबी टाईल लगवाने व बी.डी.पी.ओ. रेजीडेंस में दीवारों पर पेंट कार्य करवाया जाना है। अतः कार्य करने का कोई इच्छुक मिस्त्री, मजदूर व लैबर ठेकेदार प्रकाशन की तिथि से 3 दिन के अंदर 2 कोटेशन खण्ड कार्यालय में देना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए खण्ड कार्यालय गोहाना में श्री रमेश सहायक से सर्पक करके कर सकते हैं।

हस्ता/-
कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति, गोहाना।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा का दो दिवसीय दौरा आज से, पंचकूला में रोड शो करेंगे



**पंचकूला।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 4 जनवरी और 6 जनवरी को हरियाणा दौरे पर रहेंगे। दो दिवसीय प्रवास के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंचकूला में कार्यकर्ताओं से वार्तालाप करेंगे और एक बड़ा रोड शो भी निकालेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के पंचकूला पहुंचने पर होने वाले कार्यक्रमों और स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई है। अजय शर्मा ने बताया कि हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता की अगुवाई में कार्यकर्ता गुरुवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में साढ़े चार बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। इस दौरान नड्डा कार्यकर्ताओं में चुनाव 2024 को लेकर जोश भरेंगे और जीत का मंत्र देंगे। उन्होंने बताया कि नड्डा का यह दौरा संगठनात्मक रूप से भी काफी महत्वपूर्ण होगा। जिला अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि 6 जनवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पंचकूला पहुंचने पर हाउसिंग बोर्ड पर भव्य स्वागत किया जाएगा।

## कांग्रेस लोकसभा व विधानसभा चुनाव साथ लड़ने को तैयारः हुड्डा



**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि मार्च तक लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग जाएगी। उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव को लेकर हम कई कार्यक्रम चल रहे हैं। जन आक्रोश रैली, जन मिलन कार्यक्रम के साथ ही घर-घर कांग्रेस कार्यक्रम की शुरुआत मेवात से हो चुकी है। उन्होंने कहा कि चुनाव एक साथ हो या अलग-अलग कांग्रेस पूरी तरह से तैयार है। बीजेपी के 75 पार और 80 पर के नारों पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा का पलटवार करते हुए कहा कि 2019 में बीजेपी ने 75 पर का नारा दिया था तो 40 सीट आई थी 2024 में 80 पार का नारा दे रहे तो 20 से ज्यादा सीट नहीं आएंगी।

### घोषणाओं से गुमराह कर रही सरकार



**चंडीगढ़।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सैलजा का आरोप है कि सीएम की घोषणाओं को लेकर अधिकारी घोषणाओं को पानी पिलाने में लगे हुए है। 2020 से 2023 के बीच 2246 घोषणाएं हुई जिनमें से मात्र 462 ही पूरी हुई है, 742 पर कार्य प्रगति पर दिखाया जा रहा है जबकि 19 ऐसी घोषणाएं है जिन्हें पूरी करना संभव ही नहीं है तो फिर ऐसी घोषणाओं का क्या औचित्य रहा, सरकार झूठी घोषणाएं कर रही है।

**महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, नारनौल**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन, नारनौल डिपो के अधीन बस स्टैण्ड नारनौल पर एक जनरल स्टोर, एक साईबर कैफे, एक चाय, कॉफी, महेन्द्रगढ बस स्टैण्ड पर एक साईकिल स्टैण्ड, एक जरनल स्टोर, एक फ्रैश फ्रूट एण्ड जूस, सतनाली बस स्टैण्ड पर एक जरनल स्टोर व अटेली मण्ड़ी बस स्टैण्ड पर एक जरनल स्टोर, एक चाय एण्ड कॉफी की दुकानों को वर्ष 2023-24 व 2024-25 के लिये पट्टे पर देने की **खुली निलामी दिनांक 18-01-2024, 22-01-2024 व 29-01-2024 को प्रातः 11-00 बजे बस स्टैण्ड, नारनौल** पर की जानी है। उक्त बोली के लिये विस्तृत निर्देश व हिदायतों की प्रति किसी भी कार्यालय दिवस में महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, नारनौल के कार्यालय से 500/- के नकद भुगतान पर प्राप्त की जा सकती हैं। बाकी की शर्तें मौके पर सुना दी जायेंगी।

आदेशानुसार
नवीन कुमार शर्मा, महाप्रबन्धक,
हरियाणा राज्य परिवहन, नारनौल।

पीआरडीएच-1119/11/446/2024/23891/88/6 दि. 03.01.24

## साइना नेहवाल ने मुख्यमंत्री से की भेंट



चंडीगढ़। बुधवार को विख्यात बैंडमिटन खिलाड़ी साइना नेहवाल मुख्यमंत्री मनोहर लाल से संत कबीर कुटीर में मुलाकात की। बैठक के बाद साइना नेहवाल ने कहा उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने पर चर्चा की।

## हाईकोर्ट में 441188 मामले लंबित

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में काफी संख्या में ऐसे मामले विचाराधीन है जो लगभग चार दशकों न्याय की आस में है। हाई कोर्ट में 1,065 मामलों ऐसे है जो 30 वर्षों से अधिक समय से लंबित है। विचाराधीन कुल मामलों में से कम से कम 20,618 या 4.67 प्रतिशत मामले 20 से 30 वर्षों से लंबित हैं, जबकि पिछले वर्ष इस समय यह 16,633 या 3.71 प्रतिशत था। हाई कोर्ट में इस समय कुल मिलाकर 4,41,188 से अधिक मामले लंबित हैं। कुल लंबित मामलों में जीवन और स्वतंत्रता से जुड़े 1,65,386 आपराधिक मामले हैं। हाई कोर्ट में इस समय 28 जजों की कमी है। हाई कोर्ट में वर्तमान में 85 की स्वीकृत पदों के मुकाबले 57 जज कार्यरत हैं। इस साल छह हाई कोर्ट जज सेवानिवृत्ति भी हो रहे है।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | जीन्द में एनजीएम में 3750 एमटी क्षमता के एफएस गोदाम की विशेष मरम्मत + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | 1.72 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01681-252003 eejind37.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23882/I/88/6 दि. 03.01.24

## पूर्व डीजीपी केपी सिंह की तीन पुस्तकों का विमोचन

**चंडीगढ़।** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. केपी सिंह द्वारा कानूनी प्रावधानों पर लिखित तीन पुस्तकों नामतः द भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, द भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा द भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 का विमोचन किया गया। डॉ के पी सिंह द्वारा अब तक के अपने करियर में 27 किताबें लिखी जा चुकी हैं और इन तीन किताबों को मिलाकर अब इनकी संख्या 30 हो गई है। पुस्तक विमोचन का यह कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय सेक्टर- 6 में आयोजित किया गया था। पुस्तक के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पूर्व पुलिस महानिदेशक हरियाणा डॉ. के पी सिंह ने बताया कि इन किताबों में कानून में हुए बदलावों के बारे में सटीक तरीके से उल्लेख किया गया है। उन्होंने बताया कि किताबो में कानूनी प्रावधानों के बारे में संक्षिप्त में टिप्पणी करते हुए उनमें किए गए बदलावों की जानकारी दी गई है ।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-नीलामी नोटिस**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला ने अंबाला मंडल के अम्बाला कैंट, अबोहर और केथलीघाट रेलवे स्टेशन पर 05 वर्षों की अवधि के लिए बहुउद्देशीय स्टाल के संचालन के लिए स्थान आबंटन के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई-नीलामी के माध्यम से बोली आमंत्रित की है। अग्रिम राशि बोली राशि का 5% होगी और बोली राशि में न्यूनतम वृद्धि केवल ई-नीलामी के लिए 0.2% होगी। ई-नीलामी के माध्यम से आमंत्रित बोली का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. सं. | नीलामी केटलॉग सं. | लॉट सं. एवं विवरण | रेट यूनिट | नीलामी प्रारंभ होने की तिथि व समय | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | UMB-MPS-02-2023 | MPS-UMB-UMB-MPS-1-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देश्यीय स्टाल) अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन के पीएफ नंबर 1 (एमसीओ के पास) पर आयाम 9'x12' के एमपीएस के संचालन के लिए स्थान | वार्षिक लाइसेंस फीस | 17.01.2024 को 11:00 बजे | 17.01.2024 को 11:30 बजे |
| 2. | | MPS-UMB-KEJ-MPS-5-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देश्यीय स्टाल) कथलीघाट रेलवे स्टेशन के गेट के सामने परिसंचारी क्षेत्र में 10'x6' आयाम के एमपीएस के संचालन के लिए स्थान | वार्षिक लाइसेंस फीस | 17.01.2024 को 11:00 बजे | 17.01.2024 को 11:40 बजे |
| 3. | | MPS-UMB-ABS-MPS-3-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देश्यीय स्टाल) अबोहर रेलवे स्टेशन पर पीएफ नंबर 1 (पार्सल कार्यालय के सामने) में आयाम 10'x6' के एमपीएस के संचालन के लिए स्थान | वार्षिक लाइसेंस फीस | 17.01.2024 को 11:00 बजे | 17.01.2024 को 11:50 बजे |

ई-नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 18/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राज्यपाल ने सावित्रीबाई फुले की जयंती पर पुष्प अर्पित किए

**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय राजकीय प्राइमरी स्कूल चंडी कोटला में देश की पहली महिला शिक्षिका, नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता एवं महान समाज सेविका सावित्रीबाई फुले की जयंती एवं विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा समारोह में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल और उपायुक्त श्री सुशील सारवान भी उपस्थित थे। इस मौके पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

## 28 को हरियाणा में बदलाव महारैली करेंगे केजरीवालः डॉ. सुशील गुप्ता




**गुरुग्राम/ चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि 28 जनवरी को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 28 जनवरी को हरियाणा आएंगे और बदलाव महारैली करेंगे। इस बदलाव महारैली की तैयारी के लिए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ. संदीप पाठक और हरियाणा का नेतृत्व 4 जनवरी से ही लोकसभा और जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि डॉ संदीप पाठक 4 जनवरी को सुबह फरीदाबाद में 4 जिलों फरीदाबाद, पलवल, नूंह और गुरुग्राम और शाम को रोहतक में रोहतक झज्जर और सोनी पर जिले के कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग करेंगे, 5 को सुबह जींद, हिसार ग्रामीण और शाम को करनाल में करनाल व पानीपत, 9 को सुबह कुरुक्षेत्र में कुरुक्षेत्र व कैथल, शाम को अंबाला में अंबाला, पंचकूला और यमुनानगर, 10 को सुबह फतेहाबाद में हिसार अर्बन, सिरसा और फतेहाबाद, शाम को भिवानी में भिवानी, चरखी दादरी और महेंद्रगढ़ के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज, मोरनी पंचकूला | जीएडीएल 1. गांव चैला जीपी जबयाल में पानी की टंकी का निर्माण, 2. गांव गवाही जीपी थानडोग में आंगनवाड़ी के निकट आर/वॉल का निर्माण, 3. गांव ज्योग जीपी थानडोग में बावड़ी का निर्माण, 4. गांव मलोन जीपी थानडोग में बावड़ी में मरम्मत का निर्माण, 5. ब्लॉक मोरनी पीएस में गांव थाली जीपी थानडोग के निकट शमशान घाट में आयरन शैड का निर्माण + 4 कार्य। | 02.01.2024 08.01.2024 | 17.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज, मोरनी पंचकूला | गादला डाबर : जी.पी. भोज नैता, ब्लॉक मोरनी में पेड़ के चारों ओर चबूतरा का निर्माण और मटौर : जी.पी. मटौर ब्लॉक मोरनी (पंचायत समिति) में रामकुमार के मकान के निकट आर/वॉल का निर्माण। | 02.01.2024 08.01.2024 | 3.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प नारनौल | सम्बद्ध कंसप्च्यूअल डिजाइन हेतु ड्राईंग्स और दस्तावेज प्रीपेयर बाउंड्रीज दिखाने वाले एक उपयुक्त पैमाने के लिए एक साइट प्लान प्रदान करने के लिए साइट मूल्यांकन पर डिजाइन ब्रिफ प्रीपेयर रिपोर्ट सहित फील्ड सर्वे प्रीपेयर कंसेप्ट प्लान आयोजित करने के लिये परामर्शदायी हेतु लेआउट डिजाइन और आर्किटेक्चरल डिजाइन के लिए आर्किटेक्ट की नियुक्ति। | 03.01.2024 23.01.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज रोहतक | घिलौड़ कलां में देशवाल चौपाल के निकट नाला का निर्माण (जीपी)। | 01.01.2024 08.01.2024 | 6.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812084342 SDOPRROHTAK134@GMAIL.COM |
| 5 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | निर्माण सदन बिल्डिंग सेक्टर-33, चण्डीगढ़ में सेंट्रल एयरकंडीशनिंग सिस्टम (2×150 टीआर) के प्रचालन और व्यापक रखरखाव हेतु एएमसी (अवधि 01.01.2024 से 31.12.2025 हेतु) (दो वर्ष)। | 01.01.2024 22.01.2024 | 23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2618279 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | पंचकूला जिले में गांव नानकपुर में सीएचसी के रूप में पीएचसी का अपग्रेडेशन (अतिरिक्त ईआई कार्य का प्रावधान) + 1 कार्य। | 03.01.2024 09.01.2024 | 19.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज रोहतक | गांव खिड़वाली (जीपी) में मीर सिंह पुत्र डिगराम से ओमला पुत्र परलाद तक आईपीबी गली की पेवमेंट + 4 कार्य। | 02.01.2024 08.01.2024 | 47.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812084342 SDOPRROHTAK134@GMAIL.COM |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जीन्द डिस्टी. नं. 7 के आउटलेट आरडी 30840 / दायां और आरडी 31765/बायां के वाटर कोर्स की लाइनिंग की पुनः स्थापना / रिमॉडलिंग + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 06.01.2024 | 79.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416091996 Constdivn19rtk@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज पंचकूला | गांव चिकान में श्याम के मकान की तरफ लोनिवि रोड से लिक्विड वेस्ट हेतु अंडर ग्राउंड पाइप लाइन ड्रेन का निर्माण, गांव दाखरोग में रोड से रथान के मकान तक नाला का निर्माण, गांव दाथोघरान जी.पी. जनौली में आयरन शैड का निर्माण, गांव केदारपुर में ग्राम सचिवालय में आयरन शैड का निर्माण, गांव मंगनीवाला में आंगनवाड़ी की चारदिवारी का निर्माण, गांव टोरां ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला में रविन्दर के मकान से पुल्लिया तक नाला का निर्माण + 3 कार्य। | 02.01.2024 08.01.2024 | 37.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 10 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा, पंचकूला | मेडिकल गैसेज (नाइट्रस ऑक्साइड, कार्बन डाईऑक्साइड और मेडिकल गैसेज) की खरीद। | 05.12.2023 20.01.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज मोरनी पंचकूला | पीएस गांव मेहमाल जी.पी. कोटी में आर/वॉल का निर्माण, गांव शुन जी.पी. कोटी में रोड की साइड पर बावधी का निर्माण, गांव सरारी जी.पी. टिपरा में आर/वॉल का निर्माण, गांव रोड धकोडी जी.पी. टिपरा में आर/वॉल का निर्माण, गांव पपरोला जी.पी. कोठी, ब्लॉक मोरनी में पानी की टंकी का निर्माण, पीएस एसएफसी। | 02.01.2024 08.01.2024 | 6.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 12 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा अम्बाला | अनुमोदन की तिथि से एक वर्ष, जो अगली निविदाओं के अन्तिम निर्णय तक बढ़ाई जा सकती है, हेतु अम्बाला जिले में स्थित हरियाणा सरकार के स्वास्थ्य संस्थानों के लिए डेंटल मदों एएमडी मैटीरियल की खरीद हेतु ई-निविदा। | 06.01.2024 22.01.2024 | ईएमडी 25000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2557473 dhs.csamb@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/240/23901/I/88/6 दि. 03.01.24




## खबर संक्षेप

### कार सवार तीन युवक अफीम सहित काबू

**सिरसा।** जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव जमाल क्षेत्र से कार सवार तीन युवकों को 150 ग्राम अफीम सहित काबू किया है। नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक रामफल के नेतृत्व में थाना की एक पुलिस टीम गांव जमाल क्षेत्र में आने जाने वाले वाहनों की जांच कर रही थी। आरोपियों के खिलाफ थाना नाथूसरी चौपटा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### लाखों रुपये से भरा बैग छीनकर युवक फरार

**कैथल।** कैथल के रेलवे गेट के पास अज्ञात आरोपी एक व्यक्ति के हाथ से बैग छीनकर भाग गए। बैग में डेढ़ लाख रुपये व जरूरी दस्तावेज थे। सनसिटी कैथल के प्रेमचंद जैन ने शहर थाना में शिकायत दी कि दो जनवरी को रात करीब आठ बजे वह दयानंद कॉलोनी रेलवे गेट गया हुआ था। उसके पास जो बैग था, उसमें करीब डेढ़ लाख रुपये व जरूरी दस्तावेज थे। वहां पर दो आरोपी उसको धक्का देकर उसका बैग छीनकर ले गए। जांच अधिकारी मनोज ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग से अश्लील हरकत, 3 साल की कैद

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास की अदालत ने घर में घुस कर नाबालिग लड़की से अश्लील हरकत करने के जुर्म में दोषी को तीन साल का कारावास तथा 12 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को तीन माह का अतिरिक्त कारवास भुगतना होगा।

### पिकअप ने राहगीर को मारी टक्कर, मौत

**अंबाला।** सड़क क्रॉस कर रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से जख़्मी हुए व्यक्ति को अंबाला शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए चंडीगढ़ रेफर कर दिया। परिजन जब घायल को लेकर एम्बुलेंस में सवाए हुए तो उसने तभी दम तोड़ दिया।

### फर्जी ट्रांसपोर्टर ने बेची थी गैंगस्टरों को कार

**रेवाड़ी।** गुरुग्राम में फर्जी ट्रांसपोर्ट चलाकर वाहन मालिकों की गाड़ियां उनके ठिकाने पर पहुंचाने की बजाय दूसरे लोगों को बेचने के मामले में यह बात सामने आई है कि दिसंबर माह में पपला गैंग के गुर्गों से बरामद वेन्यू कार भी इसी ट्रांसपोर्टर से खरीदी गई थी। अब इस मामले में सीआईए ने जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है।

---

### विस चुनाव 2024 : कांग्रेस के पास दावेदारों की रेस तो भाजपा के पास दुड़ाराम ही प्रत्याशी

# मैदान में नेता वही, लेकिन बदल गई पार्टियां

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

नया साल चुनावी वर्ष के लिए आएगा। साल के पहले 10 महीनों में आम जनता को दो बार वोट डालने का मौका मिलेगा। मई में लोकसभा व उसके बाद दीपावली के आसपास विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इस नए साल में राजनीतिक सरगर्मियां देखने को मिलेंगी। क्यास तो यह लगाया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के 2 महीने बाद ही हरियाणा में विधानसभा चुनाव करवाए जा सकते हैं। ऐसे में लोकल राजनीतिक परिदृश्य पर नजर डाली जाए तो 2019 के बाद अब 2024 में विधानसभा चुनाव 'दुड़ाराम वर्सेज अन्य' में लड़ा जा सकता है। फर्क सिर्फ इतना है कि नेताओं ने पार्टियां बदली हैं। नेता वही के वही है। जो नेता कांग्रेस में थे, अब वे भाजपा में है और जो नेता भाजपा या जजपा में थे, वे अब कांग्रेस में हैं। ऐसे में विधानसभा चुनाव रोचक हो सकता है। इसी मई मास में लोकसभा चुनाव होने हैं और अक्टूबर में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। मई में लोकसभा चुनाव से पूर्व ही फरवरी के आसपास चुनाव आचार सहिंता लग जाएगी। यानि कि अब सरकार के पास विकास कार्यों के लिए ज्यादा से ज्यादा दो मास का समय है और आम जनता इस साल दो बार वोट डालेगी। मई में लोकसभा और उसके बाद विधानसभा चुनाव में। खास बात यह है कि फतेहाबाद विधानसभा सीट पर वोट लेने वाले वहीं नेता होंगे, जिन्होंने पिछले बार भी चुनाव लड़ा था। फर्क सिर्फ इतना है कि नेता अदल-बदल कर दूसरी पार्टियों में चले गए हैं। फतेहाबाद से मौजूदा भाजपा विधायक दुड़ाराम 2019 में कांग्रेस में थे और दल-बदल कर ऐन वक्त पर भाजपा की टिकट लाकर चुनाव लड़ा था। 2019 में डॉ. विरेन्द्र सिवाच भी भाजपा में थे लेकिन टिकट मिलने से नाराज होकर ऐन वक्त पर जजपा में शामिल हुए और जजपा की टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे थे। वह दुड़ाराम से मात्र 3 हजार वोटों से पराजित हुए।



**फतेहाबाद।** विस चुनाव को लेकर संभावित उम्मीदवार। फोटो : हरिभूमि

#### जजपा के पास कोई लोकल चेहरा नहीं

बात करें कांग्रेस की तो यहां शैलजा गुट से पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया व हुड्डा गुट से डॉ. विरेन्द्र सिवाच व प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा मजबूत नेता के रूप में स्थापित हैं और कांग्रेस टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। इसके अलावा ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव व राहुल गांधी के करीबी विनीत पूनियां भी कांग्रेस टिकट पर दावेदारी जता रहे हैं। इस समय भाजपा के पास एकमात्र प्रत्याशी दुड़ाराम ही हैं तो कांग्रेस में टिकटार्थियों की रेस लगी हुई है। फतेहाबाद में जजपा के पास इस समय ऐसा कोई लोकल चेहरा नहीं है, जिस पर कोई दांव खेला जा सके। जजपा की नजर पूर्व की भांति इस बार भी दूसरी पार्टियों से टूटने वाले नेताओं पर है।

#### भाजपा के पास मात्र एक ही नेता

अब डॉ. सिवाच जजपा को अलविदा कहकर कांग्रेस का दामन थाम चुके हैं। 2019 में ही पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया भाजपा में थे। हालांकि उस समय उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा। बाद में वह कुमारी शैलजा के गुट में कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा कांग्रेस में सबसे पुराने नेता के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। अब राजनीतिक समीकरण बता रहे हैं कि इस चुनाव में भाजपा के पास दुड़ाराम से कद्दावर कोई नेता फतेहाबाद में नहीं है। हालांकि बीते चुनाव में भाजपा के पास ऐसे नेता थे, जो दुड़ाराम को हराने की बात कर भाजपा की टिकट चाहते थे लेकिन भाजपा ने ऐन वक्त पर दुड़ाराम को टिकट दिया।

---

# सैर पर निकले व्यक्ति पर जर्मन शैफर्ड कुत्ते ने किया हमला

### घायल व्यक्ति को पटियाला किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



कुत्ते के हमले से घायल लाभ सिंह।

उपमंडल गुहला के गांव गढ़ा में सैर करने के लिए अपने घर से निकले एक व्यक्ति लाभ सिंह पर एक जर्मन शैफर्ड कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल हुए लाभ सिंह के भाई जस्सा ने बताया कि वह पालतू कुत्ता था परंतु जिस व्यक्ति ने उसे पाला हुआ था, उसने लापरवाही का परिचय देते हुए उसे खुला छोड़ दिया और कुत्ते ने घर से बाहर निकलकर उसके भाई पर हमला बोल दिया। जस्सा ने बताया कि घटना के बाद लाभ सिंह को गुहला-चीका स्थित अस्पताल ले जाया गया परंतु उसके गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण उसे पटियाला रैफर कर दिया गया। जस्सा ने बताया कि पहले वे लाभ सिंह का इलाज करवा लें और उसके बाद कुत्ते के मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गनपॉइंट पर कार-कैश लूटकर पैर में गोली मारी

**करनाल।** दो हथियारबंद बदमाशों ने नेशनल हाईवे पर करनाल के स्पेयर पाट्र्स कारोबारी को गोली मारकर कार लूट ली। बदमाश कार में रखा करीब 3 लाख का कैश भी ले गए। यह वारदात नेशनल हाईवे-44 पर करनाल के गांव कुटेल के पास हुई। वारदात करने वाले दोनों बदमाश लफ्टि लेकर कार में सवार हुए थे। कारोबारी नौकर के साथ सामान खरीदने दल्लिी जा रहा था। गनपॉइंट पर कार लूट का पता चलते ही मधुबन पुलिस वहां पहुंची। पैर में गोली लगने से घायल कारोबारी को इलाज के लिए राहगीरों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया।

---

# साइबर सिटी में घुसा तेंदुआ दो पर हमले से अफरा-तफरी

### 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वाइल्ड लाइफ टीम ने किया रेस्क्यू

- अरावली की पहाड़ियों से आया सात घंटों तक ग्रामीणों की सांसें अटकी रही
- रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान तेंदुए को 2 बार बेहोशी की दवा गन के माध्यम से दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम



**गुरुग्राम।** बुधवार को वन विभाग के लोग नरसिंहपुर गांव में तेंदुए को काबू करते हुए। फोटो : हरिभूमि

साइबर सिटी गुरुग्राम के नरसिंहपुर में अल सुबह एक तेंदुआ ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान तेंदुए ने एक दर्जन घरों में उत्पात मचाते हुए दो लोगों को जख्मी कर दिया। ग्रामीणों ने तेंदुए के घरों में आतंक मचाने की जब सूचना वाइल्ड लाइफ विभाग को दी तो रेस्क्यू टीम सहित स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब सात घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद तेंदुए को बेहोश कर काबू किया गया। इन सात घंटों तक ग्रामीणों की सांसें पूरी तरह से अटकी रही और हर व्यक्ति डरा सहमा नजर आया। नरसिंहपुर के सरपंच रामबीर ने बताया कि सुबह चार बजे यह तेंदुआ गांव नरसिंहपुर में देखा गया था। करीब छह बजे तक यह तेंदुआ एक घर में प्रवेश कर गया जिसके बाद से हड़कंप मच गया। इस तेंदुए का सामना जब एक युवक से हुआ तो तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गया। शोर सुनकर इसकी सूचना लोगों ने गांव के सरपंच सहित पुलिस व वाइल्ड लाइफ की टीम को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तेंदुए को नजरबंद करते हुए लोगों को हटाना शुरू किया व घायल को अस्पताल पहुंचाया। गांव के पवन कुमार ने बताया कि करीब 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम द्वारा तेंदुए को रेस्क्यू कर लिया गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान तेंदुए 2 बार बेहोशी की दवा ट्रेंगुलाइजर गन के माध्यम से दी।



#### चार साल का बताया जा रहा है तेंदुआ

वाइल्ड लाइफ एनजीओ पदाधिकारी अनिल गंडास ने बताया कि टीम ने तेंदुए को रेस्क्यू कर लिया है। तेंदुए की उम्र 4 साल और उसका वजन करीब 65 किलो है। बड़े तेंदुए जंगल में अपना रोब जमाने के लिए छोटे तेंदुए को खदेड़ देते हैं जिसकी वजह से ये मेल तेंदुआ आबादी वाले इलाके में घुस गया। वाइल्ड लाइफ विभाग के डॉक्टर को रोहतक चिड़ियाघर से मौके पर बुलाया गया है। वह इसकी जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे। फिलहाल तेंदुए के पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

---

# जुलाना: बुजुर्ग महिला के घर में आग लगने से झुलसी, सामान भी जला

- फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्त के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना क्षेत्र के बराड़ खेड़ा गांव में एक बुजुर्ग महिला के घर में आग लग गई। आग लगने से उसके घर का सारा सामान जल कर राख हो गया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक उसके घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। बराड़ खेड़ा गांव निवासी 90 वर्षीय सुनहेरी ने बताया कि वह घर में अकेली है और रात को अपने घर में सो रही थी। लगभग तीन बजे उसके घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग को उसने बुझाने का प्रयास किया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

### जमीन की खरीद फरोख्त में पांच लाख ठगे, पांच नामजद

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने जमीन की खरीद-फरोख्त में पांच लाख की धोखाधड़ी करने के आरोप में पांच व्यक्तियों को नामजद किया है। अमरगढ़ गामड़ी के शमशेर सिंह ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि सितंबर 2023 में उसने डिफेंस कॉलोनी में जमीन ली थी। इसके लिए उसने आरोपी सतपाल, सावन, सुनील, दरबारा व मंजीत को पांच लाख रुपये दे दिए थे। रुपये लेने के बाद आरोपियों ने जल्द जमीन की रजिस्टरी करवाने की बात कही थी। अभी तक आरोपियों ने जमीन की रजिस्टरी नहीं करवाई है। ऐसा करके आरोपियों ने उसके साथ पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी की है।

# बहादुरगढ़ में माइनर में डूबने से किशोरी की मौत

- एनसीआर माइनर की गहराई अधिक है और पानी का बहाव भी ज्यादा होने से डूब रहे हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव गोयला कलां के निकट एनसीआर माइनर में एक किशोरी डूब गई। पुलिस की टीमें सर्च अभियान चला रही हैं और गोताखोरों को भी बुलाया गया है। देर शाम तक किशोरी माइनर से बरामद नहीं हो पाई थी। मृतका की पहचान करीब 12 वर्षीय राखी पुत्री विजय के रूप में हुई है। बिहार का निवासी विजय पिछले कुछ समय से गोयला कलां गांव स्थित एक भट्ठे पर काम करता है। बुधवार की दोपहर उसकी बेटी परिजनों संग लकड़ियों की व्यवस्था करने गई थी। वह एनसीआर माइनर तक पहुंच गई। इस दौरान उसका पांव फिसल गया और वह डूब गई। आसपास मौजूद परिजनों ने बचाव के प्रयास किए लेकिन सफल नहीं हुए। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और सर्च अभियान चलाया। किशोरी को तलाशने के लिए पुलिस ने गोताखोर टीम भी बुलाई है। बता दें कि इलाके से गुजर रही एनसीआर माइनर की गहराई अधिक है और पानी का बहाव भी ज्यादा रहता है। आए साल इसमें डूबने की घटनाए होती रहती है।

---

# चुनावी मोड में भाजपा: संगठन को नया रूप दिया, 10 जिलों के अध्यक्ष बदले

**रोहतक।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने संगठन विस्तार की लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने प्रदेश महामंत्री संगठन फणीन्द्र नाथ शर्मा को महासचिव पद की जिम्मेदारी दी है। लिस्ट में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मुख्यमंत्री के ओएसडी रह चुके जवाहर यादव को संगठन में जगह नहीं मिली है। जबकि यह तय माना जा रहा था कि उन्हें संगठन में महामंत्री पद पर नियुक्त किया जाएगा। नई लिस्ट में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की टीम में रहे 2 महामंत्री हटाए गए हैं। जिनमें पवन सैनी और एडवोकेट वेदपाल शामिल हैं। इनकी जगह सुरेंद्र पूनिया और अर्चना गुप्ता को महामंत्री लगाया गया है। **10 जिलाध्यक्ष बदले:** प्रदेश में भाजपा ने 10 जिलों में जिला अध्यक्ष बदले हैं। जिनमें गुरुग्राम, चरखी दादरी, सिरसा, झज्जर, हिसार, भिवानी, पानीपत, पंचकूला, फरीदाबाद और सोनीपत के जिला अध्यक्ष शामिल हैं।

#### प्रदेश उपाध्यक्ष

| | |
|---|---|
| वेदपाल एडवोकेट | करनाल |
| कृष्णलाल पंवार | पानीपत |
| बन्तो कटारिया | पंचकूला |
| सन्तोष यादव | गुरुग्राम |
| जीएल शर्मा | गुरुग्राम |
| विपुल गोयल | फरीदाबाद |
| सतीश नांदल | रोहतक |
| नसीम अहमद | नूंह |
| रेणु डाबला | रोहतक |
| उमेश शर्मा | सोनीपत |

#### प्रदेश महामंत्री

| | |
|---|---|
| मोहनलाल बड़ोली | सोनीपत |
| सुरेन्द्र पूनिया | हिसार |
| डॉ. अर्चना गुप्ता | पानीपत |

फणीन्द्रनाथ शर्मा प्रदेश महामंत्री संगठन रोहतक

#### प्रदेश सचिव

| | |
|---|---|
| सुरेन्द्र आर्य | सिरसा |
| कैप्टन भूपेन्द्र सिंह | हिसार |
| गार्गी कक्कड़ | गुरुग्राम |
| राहुल राणा | कुरुक्षेत्र |

#### कोषाध्यक्ष

अजय बंसल, कोषाध्यक्ष रोहतक
वरिन्द्र गर्ग, सह कोषाध्यक्ष पंचकूला

#### कार्यालय सचिव

गुलशन भाटिया, कार्यालय सचिव रोहतक
भूपेश खुराना, सह कार्यालय सचिव रोहतक

#### सोशल मीडिया

अरुण यादव, सोशल मीडिया प्रमुख गुरुग्राम

#### जिलाध्यक्ष बनाया

| | |
|---|---|
| दीपक शर्मा | पंचकूला |
| मनदीप राणा | अम्बाला |
| राजेश सपडा | यमुनानगर |
| रवि बतान | कुरुक्षेत्र |
| अशोक गुर्जर | कैथल |
| योगेन्द्र राणा | करनाल |
| दुष्यन्त भट्ट | पानीपत |
| जसबीर दोदवा | सोनीपत |
| रणबीर ढाका | रोहतक |
| राजू मोर | जीन्द |
| राजकुमार वोहरा | फरीदाबाद |
| चरण सिंह तेवतिया | पलवल |
| प्रीतम चौहान | रेवाड़ी |
| नरेन्द्र पटेल | नूंह |
| दयाराम यादव | महेन्द्रगढ़ |
| बलदेव ग्रोहा | फतेहाबाद |
| मुकेश गौड | भिवानी |
| आशा खेदड | हिसार |
| राजपाल जांगडा | झज्जर |
| निताशा सिहाग | सिरसा |
| कमल यादव | गुरुग्राम |
| डॉ. किरण कलकल | चरखी दादरी |

---

### मंत्री समूह की बैठक में प्रस्तावित विधेयकों का मामला

# विधेयक प्रारूपों पर मंत्री समूह की आपत्ति, एक बार फिर से होगा संशोधन

- मृत शरीर सम्मान विधेयक 2023 प्रारूप पर खुद गृह मंत्री अनिल विज ने उठाए सवाल

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार एक बार फिर से तीन प्रस्तावित बिलों का मामला लटकता नजर आ रहा है, क्योंकि इनमें से एक बिल पर जहां खुद गृह एवं सेहत मंत्री अनिल विज ने कुछ सवाल उठाए हैं। इसके अलावा भी दो अन्य बिलों के ड्राफ्ट को लेकर भी कई तरह की आपत्ति और सवाल होने के कारण फिलहाल इन्हें टाल दिया गया है। भरोसेमंद उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि बुधवार को हरियाणा मंत्री समूह की बैठक के दौरान इन बिलों को लेकर मंत्रीसमूह के सदस्यों से विचार मंथन किया गया। लेकिन, हरियाणा मंत्रिमंडल की अहम बैठक में मंत्री समूह ने प्रस्तावित हरियाणा मृत शरीर सम्मान विधेयक 2023 और दूसरे कोटपा (सिगरेट एंड अदर टोबैको प्रोडक्ट्स) संशोधन विधेयक 2023 और रजिस्ट्रेशन एवं रेगुलेशन ऑफ द ट्रैवल एजेंसी एक्ट के विभिन्न प्रारूपों को लेकर आपत्ति जाहिर कर दी है। सूत्रों का कहना है कि मृत शरीर के सम्मान विधेयक पर सूबे के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने मृतक का संस्कार नहीं करने पर परिजनों को सजा देने के प्रारूप को लेकर तुरंत ही अपनी आपत्ति जता दी है।अनिल विज ने कहा यह प्रावधान किसी भी तरह से न्यायोचित नहीं होगा और राजस्थान में प्रभावी बिल के बारे में अध्ययन कराने व उसकी रिपोर्ट आने का इंतजार भी करना चाहिए। हुक्का बार पर पाबंदी संबंधित विधेयक को गृह के स्थान पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयार करने के आदेश दिए क्योंकि सरकार के रूल ऑफ बिजनेस में हुक्का बार स्वास्थ्य विभाग के अधीन आता है। वहीं रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ द ट्रैवल एजेंसी एक्ट की हिंदी में कॉपी नहीं होने से मुख्यमंत्री ने उसे वापस कर दिया। कुल मिलाकर अब तीनों बिल दोबारा से फिर से तैयार करनेका विचार हुआ है।

#### तीनों विधेयकों को शीतकालीन सत्र में पेश करने की तैयारी थी

यहां पर उल्लेखनीय है कि उक्त तीनों विधेयकों को पहले विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेश करने की तैयारी थी। लेकिन विभाग की ओर से तय समय में विधानसभा को बिल नहीं भेजने पर स्पीकर ने बिल को वापस लौटा दिया था। जिसके बाद कैबिनेट बैठक में तीनों विधेयकों को पास कराने के लिए कई दिनों से तैयारी चल रही थी। पहले इस पर अध्यादेश लाने पर मंथन चल रहा था लेकिन अब कैबिनेट से वापस होने से यह मामला आगामी बजट सत्र तक लटक गया है।

## खबर संक्षेप



### संजय सिंह के बिना कुश्ती संघ स्वीकार्य

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को कहा कि नए भारतीय कुश्ती महासंघ से उन्हें कोई ऐतराज नहीं है अगर बृजभूषण शरण सिंह के विश्वस्त संजय सिंह को इससे अलग रखा जाता है। साक्षी ने 21 दिसंबर को संजय सिंह के डब्लूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद खेल से संन्यास ले लिया था। मलिक ने कहा, 'हमें नए महासंघ से कोई परेशानी नहीं है। सिर्फ एक व्यक्ति संजय सिंह के रहने से परेशानी है। संजय के बिना नए महासंघ से या तदर्थ समिति से भी हमें कोई मसला नहीं है।'

### ब्रिसबेन : दूसरे दौर में हारी ओसाका

**ब्रिसबेन।** मां बनने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रही नाओमी ओसाका ब्रिसबेन इंटरनेशनल के दूसरे दौर में तीन बार की चैंपियन कैरोलिना प्लिसकोवा से 3-6, 7-6, 6-4 से हार गई।



दो बार अमेरिकी ओपन और आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने वाली ओसाका ने पहले मैच में तमारा कोर्पेश को सीधे सेटों में हराया था। यह मई 2022 के बाद एलीट स्तर पर उसका पहला मैच था। अन्य मैचों में शीर्ष वरीयता प्राप्त गत आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-3, 6-0 से मात दी।

### भारतीय टीम के खिलाफ खेलना खास अनुभव

**केपटाउन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शुरूआती कदम रख रहे दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज टोनी डिजोर्जी ने कहा कि भारत के



खिलाफ खेलना उनके लिये खाय अनुभव है क्योंकि जिन खिलाड़ियों को वह टीवी पर देखा करते थे, अब उनके खिलाफ खेल रहे हैं। अब तक सिर्फ तीन टेस्ट और पांच वनडे खेल चुके डिजोर्जी ने इंटरव्यू में कहा, 'यह मेरे लिए खास अनुभव रहा है। कॅरियर की शुरुआत में भारत के खिलाफ अच्छा खेलना और उन खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना जिन्हें अब तक टीवी पर ही देखा है। यह शानदार अनुभव है।'

### अमांडा की आठ महीने बाद सफल वापसी

**आकलैंड।** अमेरिका की पूर्व युवा स्टार अमांडा अनिसिमोवा ने आठ महीने के ब्रेक के बाद वापसी करते हुए आकलैंड टेनिस क्लासिक के दूसरे दौर में मारी बूजकोवा को 6-0, 6-1 से हराया।



मानसिक स्वास्थ्य कारणों और थकान की वजह से टेनिस से ब्रेक लेने के बाद अमांडा ने वापसी की है। अमेरिकी ओपन जूनियर चैंपियन रह चुकी अमांडा फ्रेंच ओपन 2019 सेमीफाइनल खेल चुकी हैं। इससे पहले अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने एलिना अवानेसियान को 6-1, 6-2 से हराया।

### नाडा के राडार में रहेंगे पंत, ईशान और श्रेयस

**नई दिल्ली।** सड़क दुर्घटना के बाद पुनर्वास के दौर से गुजर रहे क्रिकेटर ऋषभ पंत अब राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी के राडार में रहेंगे। नाडा की ओर से पहली बार रिकॉर्ड आठ क्रिकेटरों को अपने पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल किया गया है। इनमें ईशान किशन और श्रेयस अय्यर का नया नाम जुड़ा है, जबकि सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना इस पूल में पहले से शामिल हैं। यही नहीं भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाले पहलवान बजरंग और विनेश फोगाट भी आरटीपी में बरकारर रखे गए हैं।

---

**टेस्ट : टीम इंडिया के खिलाफ मेजबान का शर्मनाक रिकार्ड**

# सिराज के कहर से अफ्रीकी टीम का सबसे छोटा स्कोर



**मो. सिराज**
06 विकेट
03 मेडन
15 रन
09 ओवर

केपटाउन। टेस्ट इतिहास में भारतीय टीम के खिलाफ दक्षिण अफ्रीकी टीम का किसी एक पारी में यह सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले अफ्रीकी टीम ने नवंबर 2015 में भारत के खिलाफ सबसे छोटा स्कोर बनाया था। तब नागपुर टेस्ट में अफ्रीकी टीम 79 रनों पर ढेर हो गई थी। केपटाउन में भारतीय टीम अब तक कभी भी कोई टेस्ट मैच नहीं जीत सकी है। कुल खेले गए 6 में से 4 टेस्ट यहां टीम इंडिया हारी है, वहीं दो अन्य टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। ऐसे में साल 2024 में पहला टेस्ट खेलने उतर रही टीम इंडिया के पास ये रिकॉर्ड बदलने का मौका होगा।

**अंतिम 6 भारतीय बल्लेबाज 0 पर आउट**



एक समय भारतीय टीम मजबूत स्थिति में दिख रही थी। टीम ने 33 ओवर में 4 विकेट पर 153 रन बनाए थे। मगर इसके बाद 34वें ओवर में एनगिडी ने बगैर कोई रन दिए 3 विकेट लेकर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया। इसके बाद अगले ओवर में रबाडा ने 2 विकेट झटके, जबकि सिराज रनआउट हुए। इस तरह 153 के स्कोर पर बगैर कोई रन बनाए भारतीय टीम ने 6 विकेट गंवा दिए। केपटाउन टेस्ट में भारतीय टीम पहली पारी में 153 रनों पर ढेर हो गई है। उसे पहली पारी में 98 रनों की बढ़त मिली है। टीम के लिए कोहली ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए. जबकि 7 बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल सके। अफ्रीका के लिए कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी और नांद्रे बर्गर ने 3-3 विकेट लिए।

**स्कोर बोर्ड**

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडेन का जायसवाल बो सिराज | 02 | 10 | 0 | 0 |
| डीन एल्गर बो मोहम्मद सिराज | 04 | 15 | 0 | 0 |
| डिजोर्जी का राहुल बो सिराज | 02 | 17 | 0 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का शर्मा बो बुमराह | 03 | 11 | 0 | 0 |
| बेडिंघम का जायसवाल बो सिराज | 12 | 17 | 2 | 0 |
| वेरेयने का गिल बो सिराज | 15 | 30 | 1 | 0 |
| यानसेन का राहुल बो सिराज | 00 | 03 | 0 | 0 |
| महाराज का बुमराह बो मुकेश | 03 | 13 | 0 | 0 |
| रबाडा का अय्यर बो मुकेश | 05 | 13 | 0 | 0 |
| बर्गर का जायसवाल बो बुमराह | 04 | 11 | 0 | 0 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 23.2 ओवर में 55/10
गेंदबाजी : बुमराह 8-1-25-2, सिराज 9-3-15-6, कृष्णा 4-1-10-0, मुकेश 2.2-2-0-2

---

### अफ्रीका के बल्लेबाजी के फैसले से हैरान

**केपटाउन।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने बुधवार को भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान डीन एल्गर के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के फैसले पर हैरानी व्यक्त की। एल्गर का फैसला उन पर भारी पड़ गया क्योंकि दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली पारी में 55 रन पर ढेर हो गयी जो भारत के खिलाफ उसका सबसे कम स्कोर था। भारतीय टीम भी पहली पारी में 153 रन पर सिमट गयी जिससे उसने 98 रन पर बढ़त हासिल की।
गावस्कर ने 'स्टार स्पोर्ट्स' पर अपने मैच विश्लेषण में कहा, 'जो कुछ हुआ उससे मैं थोड़ा हैरान था। क्योंकि काफी दफा कप्तान और कोच पिच के बारे में काफी चर्चा करते हैं।' गावस्कर ने कहा कि पहले टेस्ट में भारत को पारी से हराने के बाद दक्षिण अफ्रीका के पास उन्हें पहले बल्लेबाजी कराकर दबाव बनाने का अच्छा मौका था। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आपको भारतीय टीम के मनोदशा को भी देखना था। दूसरी पारी में इतनी खराब बल्लेबाजी से पारी से हारने के बाद इस नयी पिच पर पहले बल्लेबाजी करना थोड़ा रक्षात्मक होता।'

## टेस्ट रैंकिंग : कोहली की शीर्ष 10 में वापसी, अश्विन शीर्ष पर कायम

एजेंसी ⏭ दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट में अच्छे प्रदर्शन के बाद जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में चार पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गए।

कोहली 2022 में शीर्ष 10 से बाहर हो गए थे लेकिन पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 38 और 76 रन की पारी खेलने से वह फिर इसमें वापसी करने में सफल रहे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार वह शीर्ष पर चल रहे केन विलियमसन से 103 रेटिंग अंक नीचे हैं जबकि जो रूट और स्टीव स्मिथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 14वें स्थान पर खिसक गए, उन्होंने सेंचुरियन में पांच रन बनाए थे और एक पारी में वह खाता भी नहीं खोल सके थे।



केएल राहुल भी 11 पायदान की उछाल से 51वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने श्रृंखला के शुरुआती मैच में 101 और चार रन बनाए थे।

### गेंदबाजों में अश्विन का जलवा

गेंदबाजों में रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं जबकि वह सेंचुरियन में 41 रन देकर एक विकेट ही झटक सके थे। रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। जडेजा आल राउंडर सूची में शीर्ष पर कायम हैं, उनके बाद अश्विन दूसरे स्थान पर हैं जबकि शार्दुल ठाकुर 34वें स्थान पर खिसक गए हैं। टीम रैंकिंग में भारत 118 अंक लेकर आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ऊपर शीर्ष पर काबिज है।

## कमिंस ने चटकाए पांच विकेट पाकिस्तान ने बनाए 313 रन

एजेंसी ⏭ सिडनी

आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने लगातार तीसरी बार पारी के पांच विकेट लेकर पाकिस्तान के शीर्षक्रम को झकझोर दिया लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों के जुझारू प्रदर्शन के दम पर मेहमान टीम ने तीसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन 313 रन बनाए। लंच के बाद पाकिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 96 रन था और लग रहा था कि टीम सस्ते में सिमट जाएगी।

- कमिंस ने लगातार तीसरी बार चटकाए पारी के पांच विकेट

इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के 88 रन, आगा सलमान और आमिर जमाल के अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने वापसी की। आस्ट्रेलिया ने पहले दिन का



खेल समाप्त होने पर बिना किसी नुकसान के छह रन बनाए थे। अपना आखिरी टेस्ट खेल रहे डेविड वॉर्नर और उस्मान ख्वाजा को स्पिनर साजिद खान ने काफी परेशान किया। वॉर्नर ने पहली गेंद पर चौका लगाया लेकिन अगली गेंद पर बाल बाल बचे।

### मोहन बागान ने फर्नांडो से नाता तोड़ा, हबास होंगे अंतरिम कोच

**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट ने इंडियन सुपर लीग में क्लब के खराब प्रदर्शन के बाद बुधवार को अपने मुख्य कोच जुआन फर्नांडो से नाता तोड़ने का फैसला किया। इंडियन सुपर लीग फ्रेंचाइजी ने घोषणा की कि तकनीकी निदेशक अंतोनियो हबास को अगले हफ्ते होने वाले कलिंग सुपर कप के लिए अंतरिम कोच बनाया गया है। फर्नांडो को दिसंबर 2021 में मुख्य कोच नियुक्त किया गया था, तब वह एफसी गोवा से कोलकाता के इस क्लब से जुड़े थे। उनके मार्गदर्शन में मोहन बागान ने पिछले सत्र का इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) खिताब जीता था और एएफसी कप अंतरक्षेत्रीय सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। उनके साथ मोहन बागान ने इस सत्र में डूरंड कप भी जीता था। मोहन बागान ने एक बयान में कहा, 'जुआन फर्नांडो का इस साल डूरंड कप और आईएसएल 2022-23 में जीत दिलाने के लिए शुक्रिया।'

## अंडर-15 और अंडर-20 चैंपियनशिप की घोषणा



एजेंसी ⏭ दुबई

भारत में कुश्ती का संचालन कर रहे तदर्थ पैनल ने बुधवार को अगले छह सप्ताह के अंदर अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की घोषणा की। इससे पहले जूनियर पहलवानों ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया और भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा गठित पैनल को भंग करने की मांग की।

पैनल ने युवा पहलवानों की चिंता को समझा, जिनका करियर पिछले एक साल से शीर्ष पहलवानों के विरोध के कारण अधर में लटका हुआ है। जनवरी 2023 के बाद राष्ट्रीय शिविर या जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन नहीं किया गया है। तीन सदस्यीय पैनल के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने जूनियर पहलवानों को आश्वासन दिया कि सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप जल्द ही ग्वालियर में आयोजित की जाएगी। बाजवा ने बयान में कहा, 'पैनल युवा पहलवानों की चिताओं को समझता है और उनका समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। समिति अगले छह सप्ताह के अंदर ग्वालियर में अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की योजना बना रही है।'

### कमजोर टेस्ट टीम चयन का सीएसए ने किया बचाव

एजेंसी ⏭ जोहानिसबर्ग

न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के लिये कमजोर टीम चुनने पर मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों से आलोचना झेल रहे क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अपना बचाव करते हुए कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और घरेलू टी20 लीग दोनों को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के लिए सात नए चेहरों को चुना है जिसमें कप्तान भी नया है। दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रिकेटर उस समय दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग खेलेंगे जो पिछले साल सीएसए और आईपीएल निवेशकों ने शुरू की है। सीएसए ने कहा, 'क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका न्यूजीलैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम को लेकर चिंताओं से वाकिफ है। हम प्रशंसकों को आश्वासन देते हैं कि हम टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही हम एसए 20 लीग को भी मजबूत करना चाहते हैं।'

## पोलैंड अंतिम-4 में पहुंचा, फ्रांस ने दर्ज की जीत

एजेंसी ⏭ पर्थ

पोलैंड ने चीन को 3-0 से हराकर यूनाइटेड कप टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि फ्रांस ने इटली को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी झेंग किनवेन को महिला एकल में 6-2, 6-3 से हराया। वहीं हुबर्ट हुरकाज ने झांग झिंजेन को पुरुष एकल में 6-3, 6-



4 से मात दी। मिश्रित युगल में कैटरीना पीटर और जान जीलिंस्की ने याउ शियाओदी और सुन फाजिंग को 6-3, 5-7, 10-7 से हराया। पोलैंड की टीम अब सिडनी में सेमीफाइनल खेलेगी जहां उसका सामना फ्रांस और नॉर्वे के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

यूनान को कनाडा से खेलना है और अगले दौर में पहुंचने के लिए उसे हर हालत में यह मैच जीतना होगा। वहीं सर्बिया की टक्कर आस्ट्रेलिया से होगी।

### जगरेब ओपन के लिए 13 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ की तदर्थ समिति ने क्रोएशिया में होने वाले जगरेब ओपन के लिए 13 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। क्रोएशिया की राजधानी में होने वाला पहला विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट 10 से 14 जनवरी तक चलेगा।



डब्लूएफआई का संचालन भारतीय ओलंपिक संघ की तीन सदस्यीय समिति कर रही है। खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुवाई में चुने गए महासंघ को उसके अपने संविधान के उल्लंघन के मामले को लेकर निलंबित कर दिया। टीम : पुरुष फ्रीस्टाइल : अमन (57 किलो), यश (74 किलो), दीपक पूनिया (86 किलो), विक्की (97 किलो) और सुमित (125 किलो)। ग्रीको रोमन : ज्ञानेंदर (60 किलो), नीरज (67 किलो), विकास (77 किलो), सुनील कुमार (87 किलो), नरिंदर चीमा (97 किलो), नवीन (130 किलो)। महिला : सोनम (62 किलो) और राधिका (68 किलो)।

---

**'सैंडपेपर' कांड : आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर कैटिच का बयान**

# वॉर्नर को जनता से पूरा सम्मान मिलना मुश्किल

एजेंसी ⏭ सिडनी

आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमन कैटिच का मानना है कि 2018 के गेंद से छेड़खानी प्रकरण के मद्देनजर डेविड वॉर्नर को जनता का पूरा सम्मान नहीं मिलेगा क्योंकि देश में कई लोगों को अब तक यकीन नहीं होता कि उस समय उनकी टीम ने क्या किया।

तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ, उपकप्तान वॉर्नर और कैमरन बेनक्रॉफ्ट को 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में 'सैंडपेपर गेट' कांड के बाद प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था। वॉर्नर पर आजीवन प्रतिबंध लगाया गया था और उनकी छवि भी खराब हुई। कैटिच का मानना है कि पांच साल बाद भी उन्हें पूरी तरह से माफी नहीं मिली है। उन्होंने 'सेन रेडियो' से कहा, 'यह कहना मुश्किल है कि उन्हें पूरा



सम्मान मिलेगा क्योंकि लोगों को वह घटना पसंद नहीं आई थी और आनी भी नहीं चाहिए थी। कइयों को यकीन ही नहीं हुआ कि आस्ट्रेलियाई टीम ऐसा भी कर सकती है।' सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे वॉर्नर वनडे से भी संन्यास ले चुके हैं। कैटिच ने हालांकि कहा कि उस घटना के लिए वॉर्नर को पूरी तरह से दोषी नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा, 'पूरी घटना के लिए उन्हें दोषी कहना गलत होगा। कैमरन बेनक्रॉफ्ट और स्टीव स्मिथ भी इसमें शामिल थे लेकिन लोगों को लगता है कि इन तीनों के अलावा भी इसमें और लोग जुड़े थे। उस समय वॉर्नर ने माफी मांगने के बाद चुप्पी साध ली और फिर अच्छा क्रिकेट खेलकर मैदान पर वापसी की। यह हालांकि उतना आसान नहीं था। उसके लिए यह बहुत बड़ी बात है।'

## सूर्यकुमार फिर सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर की दौड़ में शामिल



एजेंसी ⏭ दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को बुधवार को आईसीसी के पुरुष 'टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर' के लिए चार नामांकन में शामिल किया गया। भारत के इस 33 साल के खिलाड़ी ने 2022 में यह पुरस्कार जीता था। वर्ष 2023 में सूर्यकुमार ने दबदबा बनाते हुए 17 पारियों में 48.86 के औसत और 155.95 के स्ट्राइक रेट से 733 रन बनाए हैं।

युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को भी आईसीसी पुरुष 'एमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023' के लिए चार खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। 22 साल के जायसवाल ने 2023 में 70.75 के औसत से टेस्ट में 283 रन बनाये हैं, उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 33.07 के औसत और 159.25 के स्ट्राइक रेट से 430 रन जोड़े हैं।

जायसवाल के अलावा तीन अन्य नामांकित खिलाड़ी रचिन रविंद्र (न्यूजीलैंड), गेराल्ड कोएत्जी (दक्षिण अफ्रीका) और दिलशान मदुशंका (श्रीलंका) हैं। 'टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार के नामांकन में तीन अन्य खिलाड़ी जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा (11 पारियों में 515 रन, 17 विकेट), यूगांडा के अल्पेश रामजानी (55 विकेट) और न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन (17 पारियों में 556 रन) हैं।

## चिंतन

# महिलाओं के हित में केंद्र सरकार का नया फैसला

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने ऐसे कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है, जो अपनी फैमिली पैंशन बच्चों को देना चहाते हैं। अब वो ऐसा कर सकते हैं। अगर सरकारी नौकरी में कोई महिला कर्मचारी है और उनकी शादी टूट गई है तो ऐसी स्थिति में अब वो अपने पति से पहले अपने बच्चों को फैमिली पेंशन के लिए नॉमिनेट कर सकती है। 2021 के नियमों के तहत अगर किसी सरकारी कर्मचारी या रिटायर्ड कर्मचारी की मौत हो जाती है, तो उसके परिवार को फैमिली पेंशन दी जाती है। पहले ये पेंशन सबसे पहले मृतक के पति या पत्नी को मिलती थी, लेकिन अब अगर पति-पत्नी के बीच मनमुटाव है, तो कर्मचारी अपने बच्चों को पहले नॉमिनेट कर सकता है या कर सकती है। ये नियम उन सभी सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगा जिनका निधन एक सितंबर 2021 के बाद हुआ है। इसके लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। अनेक ऐसे परिवार थे, जहां कर्मचारी किसी कारण से अपनी पत्नी से अलग हो चुका है, लेकिन पैंशन पाने की हकदार पत्नी ही थी। अब केंद्र सरकार के पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत महिला कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन के लिए अपने पति की जगह अपने बच्चे/बच्चों को नामित करने की भी अनुमति दी गई है। यह संशोधन महिला सरकारी कर्मचारी की पारिवारिक पेंशन को उसके पति की वरीयता में एक योग्य बच्चे को वितरित करने की अनुमति देता है। यह उन सभी मामलों में जहां उसने तलाक की याचिका या घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम के तहत याचिका दायर की है या भारतीय दंड संहिता के तहत मामले हैं, उन पर लागू होगा। यह संशोधन महिला और बाल विकास मंत्रालय के परामर्श से प्राप्त अभ्यावेदनों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया। नई व्यवस्था से महिलाओं को फायदा होगा, क्योंकि उन्हें शादी टूटने के बाद पति पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उनके बच्चों को पेंशन मिलने से उनका भविष्य सुरक्षित हो जाएगा। ये नियम सिर्फ उन मामलों में लागू होगा जहां शादी टूट गई है और बच्चे पात्र होंगे। पति को पेंशन तभी मिलेगी जब बच्चे पात्र नहीं रहेंगे। असल में होता क्या था, कई बार कर्मचारी महिला या पुरुष किसी भी कारण से अपने जीवन साथी से अलग हो चुका होता था, लेकिन अगर तलाक नहीं हुआ हो तो पैंशन पाने का अधिकारी जीवन साथी ही होता था। विशेषकर महिला कर्मचारी और सिंगल मदर के लिए विकट हालात की स्थिति थी। उसके न रहने पर पैंशन बच्चों को न मिलकर उसके पति को मिलती थी। इसका खामियाजा महिला कर्मचारी की मृत्यु के बाद उसके बच्चों को भुगतना पड़ता था। सरकार ने यह संशोधन करके संवेदनशीलता दिखाई है। अगर किसी सिंगल मदर की मृत्यु हो जाती है तो उसकी पैंशन के हकदार तब तक उसके बच्चे होंगे जब तक वे बालिग नहीं हो जाते। उसके बाद पैंशन उसके पति को मिलेगी। इसके लिए कर्मचारी अपने बच्चों को पैंशन के लिए नॉमिनेट करेगा। सरकार के इस फैसले से सिंगल मदर या सिंगल फादर को बहुत राहत मिलेगी। सिंगल मदर महिला कर्मचारी अब अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित नहीं रहेगी। पैंशन से ही उसके बच्चे अपना भविष्य संवार सकेंगे।



श्रीराम मंदिर

अवधेश कुमार

# प्राण प्रतिष्ठा से विपक्ष दूर क्यों

> अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में कायम यह वातावरण अस्वाभाविक नहीं है। हमारे देश में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या रही है जो श्रीराम मंदिर आंदोलन के महत्व और उसके प्रभाव को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। यह देखते हुए भी कि अयोध्या आंदोलन ने भारतीय जनता पार्टी को देश के एक बड़े वर्ग का चहेता बना दिया ऐसे लोग आज तक सच्चाई स्वीकारने को तैयार नहीं हैं। उनका यही मानना रहा है कि भाजपा और संघ ने जानबूझकर अपनी राजनीति के लिए श्रीराम मंदिर के मुद्दे को उठाया, हिंदुओं का ध्रुवीकरण करके अपना वोट बैंक बढ़ाया। कुछ नेताओं का बयान भी है कि आखिर लोकसभा चुनाव के पहले ही इसकी प्राण प्रतिष्ठा क्यों हो रही है?

अनेक विपक्षी दलों के नेताओं ने साफ कर दिया है कि वो निमंत्रण मिलने के बावजूद अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कुछ लोगों ने तो इस कार्यक्रम का ही तीखा विरोध कर दिया है। हालांकि इसके परे आम लोगों में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तथा लोकार्पण को लेकर उत्साह का माहौल साफ दिखाई पड़ता है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में कायम यह वातावरण अस्वाभाविक नहीं है। हमारे देश में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या रही है, जो श्रीराम मंदिर आंदोलन के महत्व और उसके प्रभाव को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। यह देखते हुए भी कि अयोध्या आंदोलन ने भारतीय जनता पार्टी को देश के एक बड़े वर्ग का चहेता बना दिया, ऐसे लोग आज तक सच्चाई स्वीकारने को तैयार नहीं है। उनका यही मानना रहा है कि भाजपा और संघ ने जानबूझकर अपनी राजनीति के लिए श्रीराम मंदिर के मुद्दे को उठाया, देश में सांप्रदायिक विभाजन किया तथा हिंदुओं का ध्रुवीकरण करके अपना वोट बैंक बढ़ाया। कुछ नेताओं का बयान भी है कि आखिर लोकसभा चुनाव के पहले ही इसकी प्राण प्रतिष्ठा क्यों हो रही है? उनके अनुसार यह सीधे-सीधे राम मंदिर का राजनीतिकरण है। कोई पार्टी केंद्र की सत्ता में है तो उसकी भूमिका के पीछे राजनीति होगी। क्या यह मान लिया जाए कि प्राण प्रतिष्ठा का पूरा कार्यक्रम केवल भाजपा की राजनीति है और वह इसका 2024 की दृष्टि से लाभ लेना चाहती है?

इसके उत्तर के लिए यह प्रश्न करना होगा कि फिर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम कब रखा जाना चाहिए था? जिन लोगों के लिए आज भी मंदिर कोई मुद्दा नहीं है उनके वक्तव्य की इस संदर्भ में कोई प्रासंगिकता नहीं है। उन सारे हिंदुओं के बारे में विचार करिए जिनके मन में यह आकांक्षा थी कि करीब 500 वर्ष प8हले जिस पवित्र मंदिर को ध्वस्त करके मस्जिद बनाई गई, वहां मंदिर का निर्माण हो। इस मंदिर को बचाने और फिर बाद में उस जगह को प्राप्त कर पूजा पाठ करने के लिए संघर्ष का लंबा इतिहास है। अनेक इतिहासकारों ने उसे महत्व देने की कोशिश नहीं की। न्यायालयों में दोनों पक्षों की हुई बहस से साफ हो गया कि इसके लिए संघर्ष सतत चलता रहा। इसमें हिंदुओं के साथ सिख, बौद्ध ,जैन सबकी भूमिका रही है। इतने संघर्ष और स्वतंत्रता प्राप्ति के बावजूद लगभग 72 वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद इसका फैसला आया। क्या उस फैसले को साकार करने के लिए समय सीमा का संकल्प नहीं होना चाहिए था? हमारे देश में किसी भी निर्माण में समय सीमा का संकल्प नहीं दिखाते हैं तो वह कितना आगे खींच जाएगा इसकी कल्पना हम आप सबको है। एक निर्माण कार्य शुरू होने के बाद वह कब पूरा होगा इसकी गारंटी नहीं होती। वैसे भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के गठन के कुछ समय बाद धीरे-धीरे यह समाचार आने लगा था कि आम लोगों के दर्शन और पूजन के लिए 2023 के अंत या 2024 के आरंभ में श्रीराम मंदिर खुल जाएगा। निश्चित रूप से इसे हर हाल में पूरा किया ही जाना चाहिए था।



कौन सा चुनाव कब है, इसका प्रभाव उन चुनावों पर क्या पड़ेगा इसकी दृष्टि से विचार करना अनुचित होता। संसदीय लोकतंत्र में चुनाव अपने समय पर आयोजित होते हैं और उसके लिए ऐसे ऐतिहासिक सांस्कृतिक आयोजन को टाला नहीं जा सकता।

संकल्पबद्धता का ध्यान रखते हुए दिन रात एक नहीं किया जाता तो 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा संभव नहीं होती। संपूर्ण मंदिर और उससे संबंधित अन्य निर्माण कार्य आगे भी जारी रहेंगे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब सरदार वल्लभभाई पटेल, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे महान नेताओं ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की योजना बनाई, तब भी उसका विरोध हुआ था। हालांकि तब देश में न मीडिया का इतना प्रसार था और न राजनीति में ऐसा तीखा विभाजन और वोट की रणनीति की दृष्टि से ही हर मुद्दे पर अपना स्टैंड लेने का माहौल था। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण, प्राण प्रतिष्ठा और निर्माण की पूरी कथा जिन्हें पता है वो किसी तरह का प्रश्न नहीं उठा सकते। 8 मई 1950 को मन्दिर की आधारशिला रखी गई तथा 11 मई ,1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मन्दिर में ज्योतिर्लिंग स्थापित किया। तब तक मंदिर का संपूर्ण निर्माण नहीं हो पाया था। दूरदर्शी नेताओं का मानना था कि ज्योतिर्लिंग की प्राण प्रतिष्ठा के साथ धीरे-धीरे देश का वायुमंडल बदलेगा और भारत फिर 15 अगस्त, 1947 के पहले की दुर्दशा को प्राप्त नहीं होगा। ध्यान रखिए, वर्तमान सोमनाथ मंदिर का निर्माण 1962 में जाकर पूरा हुआ। इसलिए आधे-अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर प्रश्न उठाने वाले सोमनाथ मंदिर के इतिहास को अवश्य पढ़ लें।

वास्तव में इस तरह का प्रश्न उठाने वाले लोगों की सोच को समझना कठिन नहीं है। इनमें कुछ ऐसे हैं जिनको मंदिर से ही समस्या रही है। कुछ संघ और भाजपा के स्थायी विरोधी हैं। किसी संगठन या राजनीतिक दल का विरोध करने में समस्या नहीं है पर हर विषय में हमारा विरोध का ही स्टैंड रहे, यह अपनी नकारात्मकता और कुंठा को प्रमाणित करता है। राम मंदिर केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं है, भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण, एक आध्यात्मिक राष्ट्र के रूप में भारत के उद्भव तथा विश्व कल्याण के लिए समर्पित भावना वाले देश के उदय की दृष्टि से इसका महत्व है। संघ परिवार या अन्य हिन्दू संगठनों के लिए यह आंदोलन किसी एक मंदिर के निर्माण तक ही सीमित नहीं था। किसी की संघ या अन्य संगठनों से जितना भी मतभेद हो, श्रीराम मंदिर आंदोलन ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और एक सांस्कृतिक पहचान के साथ राष्ट्र के उद्भव का संपूर्ण संकेत दिया। धीरे-धीरे इसके पीछे विरोध में कमी आई और ऐसे लोग भी अंदर से मानने लगे कि वहां मंदिर निर्माण ही होना चाहिए, जो पहले यह स्वीकार नहीं करते थे। राजनीतिक दलों के सामने समस्या यह हो गई कि राम मंदिर का विरोध करेंगे तो एक बड़े वर्ग के वोट से वंचित हो जाएंगे। इसलिए अनेक दल और नेता न चाहते हुए भी इसके विरोध में खड़े होने से बचने लगे। यह बदले हुए भारत का ही परिणाम था जो आज तक कायम है। इसलिए राम मंदिर का सार्वजनिक विरोध करने वाले नेताओं की संख्या काफी कम हो गई। लगातार विरोध करने और नकारने के बाद उन सबके लिए मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना कठिन है और इसे आसानी से समझा जा सकता है। आखिर कल तक विरोध करने वालों को लगता होगा कि वह किस मुंह से वहां जायें। इनकी समस्याओं के कारण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा नहीं रुक सकती। हालांकि इन्हें लगता है कि नरेंद्र मोदी, भाजपा और संघ इसका लाभ ले जाएंगे तो इन्हें अवश्य शामिल होना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## खोज

प्रमोद भार्गव



# अब ब्लैक होल के भी खंगाले जाएंगे रहस्य

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ब्लैक होल यानी कृष्ण विवर के रहस्यों को खंगालने के नजरिए से एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह (एक्सपोसैट) का प्रक्षेपण नववर्ष के पहले दिन कर दिया है। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी 58 रॉकेट अपने साठवें अभियान पर प्रमुख पेलोड 'एक्सपोसैट' और 10 अन्य उपग्रह लेकर गया है। इस अभियान की उम्र करीब पांच वर्ष है। इसरो के अनुसार यह उपग्रह खगोलीय स्रोतों से एक्स-रे उत्सर्जन का अंतरिक्ष आधारित ध्रुवीकरण माप में अध्ययन करने के लिए इसरो का पहला अभियान है। इसके पहले केवल अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दिसंबर 2021 में सुपरनोवा विस्फोट के अवशेषों, ब्लैक होल से निकलने वाले कणों की धाराओं और अन्य खगोलीय घटनाओं के अध्ययन के लिए उपग्रह भेजा था, जिसका जीवन काल केवल दो वर्ष था जो अब पूरा हो रहा है। एक्सपोसैट के दस पेलोड में से एक केरल के लालबहादुर शास्त्री तकनीकी संस्थान द्वारा निर्मित है, जिसे महिला वैज्ञानिकों के समूह ने बनाया है।

दुनियाभर के वैज्ञानिक इस बात को लेकर उत्सुक है कि यह उपग्रह पांचर वर्ष में कृष्ण विवर के किन अनसुलझे रहस्यों को जानने में मददगार साबित होगा। दरअसल एक्सपोसैट के अध्ययन का दायरा विस्तृत है। यह अंतरिक्ष में मृत तारों की संरचना का अध्ययन करने के अलावा ब्लैक होल तथा अन्य न्यूट्रॉन सितारों के निकट की विकिरण की प्रक्रिया को भी जानने का प्रयास करेगा। यह ब्रह्माण्ड में सबसे अधिक चमकने वाले तत्वों के रहस्यों से पर्दा उठाएगा।



ब्रह्मांड की असीमित परिधि में अनेक रहस्यमयी पिंड विचरण कर रहे हैं। जिस तरह ब्रह्मांड का विस्तार अनंत है, उसी तरह इसमें अनंत आकाशीय पिंड, तत्व, पदार्थ, गैसें, ग्रह, नक्षत्र, तारे और मंदाकनियां भी अनंत हैं। हमारे वैदिक ऋषियों ने इन्हें खंगालने की शुरुआत हजारों साल पहले कर दी थी।

अब आधुनिक वैज्ञानिक दो सौ साल से इन्हें खंगालने में लगे हैं। बावजूद ब्रह्मांड का सबसे बड़ा व प्रमुख रहस्य यह है कि ब्रह्मांड को गतिमान बनाए रखने के जो पदार्थ और ऊर्जाएं हैं, उनका मात्र चार प्रतिशत ही हम अब तक जान पाए हैं। सच यह भी है कि जिसे वैज्ञानिक अदृश्य पदार्थ या ऊर्जा कह रहे हैं, वह किस तरह का पदार्थ अथवा ऊर्जा है, इसकी सटीक जानकारी भी नहीं है। अब जाकर वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि कृष्ण विवर में लंबे समय तक गैसों के लगातार एकत्रित होते रहने से ब्लैक होल क्वासर के रूप में परिणत होकर चमकने लगता है। इस अध्ययन से उस कालखंड में कृष्ण-विवरों पर गैसों का किस तरह प्रभाव पड़ता था, इस परिप्रेक्ष्य में नई समझ विकसित हुई है।

वैज्ञानिकों ने इस खोज में दावा किया है कि जितना अधिक चमकीला क्वासर होगा, आकार में वहां उतना ही विराट विवर होगा। उसकी गहराई भी उतनी ही ज्यादा होगी। मंदाकिनी के केंद्र में बनने वाले एक विषालकाय कृष्ण-विवर का आकार सूर्य से करोड़ों अथवा अरबों गुना तक बड़ा होता है। हमारी निहारिका या आकाशगंगा में जो सुपरमैसिव कृष्ण-विवर होता है, उसे सैगिटेरियस-1 नाम दिया गया है। इसके द्रव्यमान का अनुमान 40 लाख सूर्यों के बराबर माना गया है। सभी कृष्ण-विवर आकार में बड़े ही होते हों, ऐसा भी नहीं है। एक अणु के बराबर कृष्ण-विवर भी होते है, लेकिन इनका द्रव्यमान एक बड़े पहाड़ के बराबर होता है। विराट ब्रह्मांड में तारों के इर्द-गिर्द गुरुत्वाकर्शण के प्रभाव से ही ग्रह निरंतर परिक्रमा में लगे रहते हैं। इसी कारण सौरमंडल के गृह सूरज की परिक्रमा में लगे हैं। पहले इन्हें अत्याधिक तीव्र रेडियो या आकाशीय तरंगों के स्रोत के रूप में देखा व जाना गया। नतीजतन इन्हें क्वासर स्टेलर रेडियो सोर्स नाम दिया गया था।

दरअसल, ब्रह्मांडीय विचलनों के चलते पृथ्वी पर चल रहे जीवन को लेकर अनेक चुनौतियां और आशंकाएं पैदा होने लगी हैं। चूंकि सौर्यमंडल के सारे ग्रह गुरुत्वाकर्षण बल के जरिए ही परस्पर जुड़े हुए हैं और एक-दूसरे को संतुलित रखते हुए गतिशील हैं। मंदाकिनी और तारों का अचानक विलोपित हो जाना और अपने पीछे एक कृष्ण विवर छोड़ जाना सौरमंडल के लिए खतरे का संकेत है। इनका द्रव्यमान इतना सघन और गुरुत्वाकर्षण बल इतना तीव्र होता है कि प्रकाश की किरणें भी इनके पार नहीं जा पाती हैं। यह इन्हें अवषोशित कर लेते हैं। ये सब प्रक्रियाएं किस तरह से घटित होती हैं, इन रहस्यों से ही पर्दा उठाने का काम भारतीय उपग्रह एक्सपोसैट करेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# तृष्णा से मुक्त होना ही संसार से मुक्त होना



संकलित

**दर्शन**

कबीर कहते हैं कि हम में से प्रत्येक व्यक्ति संसार से मुक्त होने की इच्छा रखता है, लेकिन अपनी तृष्णाओं से मुक्त नहीं होता, उससे घिरा रहता है। जब तक ये हमारे भीतर जीवित हैं, हम संसार से मुक्त नहीं हो सकते। इससे मुक्त होकर इस संसार से जाने पर दोबारा जन्म नहीं होता। वास्तव में तृष्णा से मुक्त होना ही संसार से मुक्त होना है। तुम अहंकार की ऊंचाइयों पर उठे और वहां भी तुमने भीतर क्षुद्रता का ही वास पाया। तुम महलों में रहे, लेकिन तुम्हारे भीतर की वासना का भिखमंगापन नहीं मिटा। तुमने सब कमाया और तुमने पाया कि सब कमाना अपने को गंवाना है। बुद्ध निरंतर कहते हैं कि तुम तृष्णा से मुक्त हो जाओ, तुम संसार से मुक्त हो गए। तुम कोई कामना नहीं करो कि यह मुझे पूरा करना है। तुम जैसे हो वैसे होने से राजी हो जाओ, फिर तुम्हारा कोई जन्म नहीं होगा। तुम जहां हो वहीं ऐसे तृप्त हो जाओ जैसे मंजिल पर हो। कोई यात्रा नहीं है करने की, कहीं जाना नहीं है। जो पा लिया, वह काफी से काफी है। जो मिल गया, वह पर्याप्त से ज्यादा है। जो हो गया, उससे ज्यादा का कोई खयाल नहीं है। तब तुम्हें कैसे जन्म मिल सके गा? तब तुम पूरे होकर मरोगे। और जो पूरा होकर मरता है, उसके आने की कोई जरूरत नहीं रह जाती। उसने मरने की कला जान ली। जो तृष्णा-शून्य मरता है, वह मरने की कला जान गया।' कितने जन्मों से तुम मर रहे हो और एक क्षण को तुमने विचार नहीं किया, लौट कर एक बार नहीं सोचा कि तुम क्यों इस जाल में फंसे हो।

# आमदनी और खर्चों के बीच संतुलन



संकलित

**प्रेरणा**

चाणक्य शास्त्र में आचार्य चाणक्य ने तरक्की की राह पर आगे बढ़ने और जीवन में महान उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए कुछ बातों का खास ध्यान रखने की सलाह दी है। चाणक्य के अनुसार, व्यक्ति में कई ऐसी बुरी आदतें होती हैं, जिससे जीवन में धन की तंगी का सामना करना पड़ता है और व्यक्ति की आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे खराब होने लगती है। चाणक्य का मानना है कि जिस घर में अक्सर गृह-क्लेश की स्थिति रहती है। व्यक्ति की बोल हमेशा कड़वे रहते हैं और ज्यादातर समय दूसरों की बुराई करने में व्यतीत होता है। ऐसे लोग की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बिना सोचे-समझे धन खर्च करने से व्यक्ति को अक्सर धन की तंगी का सामना करना पड़ता है। इसलिए आय से अधिक खर्च ना करें। बचत पर ध्यान दें। आमदनी और खर्चों के बीच संतुलन बनाए रखें। इससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। चाणक्य नीति के अनुसार, कड़ी मेहनत और व्यक्ति के गुण-ज्ञान से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता जरूर मिलती है और उसे धन, सुख और संपत्ति की कभी कमी नहीं रहती है। इसलिए लालच से हमेशा दूर रहना चाहिए और ईमानदारी से धन अर्जित करना चाहिए। आचार्य चाणक्य के अनुसार, जिस घर में ज्यादा गंदगी रहती है और व्यक्ति साफ-सुथरे वस्त्र नहीं पहनते हैं। ऐसे लोगों को जीवनभर दरिद्रता का सामना करना पड़ता है। इसलिए घर की साफ-सफाई के साथ स्वच्छ कपड़े पहनें।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सड़क हादसों का बढ़ता ग्राफ चिंताजनक

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश में सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों का जो आंकड़ा पेश किया है, जो वह बहुत ही चिंता का विषय है। इन आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में लगभग 4 लाख से ऊपर सड़क दुर्घनाएं हुई। इनमें लगभग एक लाख से ऊपर लोगों की मौत और लगभग 4 लाख से ऊपर घायल हुए। लेकिन यह भी हो सकता है कि कुछ सड़क हादसे ऐसे हों जिनका कोई रिकॉर्ड न हो, जैसे कि टूटी-फूटी गलियों या सड़कों पर हुए हों, जिनका पुलिस केस न बना हो। बढ़ते सड़क हादसों की समस्या तो आतंकवाद और नक्सलवाद से भी बड़ी समस्या है। सरकार हमारी सुविधा के लिए सड़कों का विस्तार कर रही है, इन्हें अच्छा बना रही है, लेकिन इनका प्रयोग कैसे सावधानी से करना है, यह तो हमारी जिम्मेदारी है न! *-दिनेश कुमार साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

# भारत में कैंसर से 9.3 लाख लोगों की मौत

एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि भारत में 2019 में कैंसर के 12 लाख नए मामले सामने आए वहीं 9 .3 लाख लोगों की कैंसर से मौत हो गई। 'द लांसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया' पत्रिका में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। शोधकर्ताओं ने पाया कि कैंसर के बढ़ते मामलों और इससे होने वाली मौत के मामले में एशिया में चीन और जापान भी भारत से पीछे नहीं हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार 2019 में एशिया में कैंसर जन स्वास्थ्य के लिए अहम खतरा बना, जहां इसके 94 लाख नए मामले सामने आए और 56 लाख लोगों की मौत हो गई। इनमें से चीन में कैंसर के सर्वाधिक 48 लाख नए मामले सामने आए और 27 लाख लोगों की मौत हुई। जापान में कैंसर के लगभग नौ लाख नए मामले सामने आए और 4 .4 लाख मौतें हुईं। शोधकर्ताओं की अंतरराष्ट्रीय टीम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर और बठिंडा के शोधकर्ता भी शामिल थे। उन्होंने अपने अध्ययन में लिखा, हमने 1990 से 2019 के बीच एशिया के 49 देशों में 29 प्रकार के कैंसर के अस्थाई पैटर्न की जांच की। शोधकर्ताओं के अनुसार एशिया में कैंसर सबसे अधिक श्वासनली, ब्रोन्कस और फेफड़ों (टीबीएल)में पाया गया।



## ऑफ बीट

# उल्काएं, सुपरमून, एक धूमकेतु 2024 में हैं बहुत कुछ ...

हम 2024 में दक्षिणी आकाश में कौन सी रोमांचक घटनाएं देखेंगे? उल्कापात, चंद्रमा द्वारा ढका हुआ शनि, चमकीले ग्रहों का एक-दूसरे के करीब आना, सुपरमून - और, अगर हम भाग्यशाली हैं, तो आंखों से दिखाई देने वाला धूमकेतु। भले ही आप प्रकाश प्रदूषण से घिरे शहर में रहते हों, ये सब देखने लायक हैं। यहां कुछ मुख्य घटनाक्रम इस प्रकार हैं। मई में दक्षिणी गोलार्ध के दो मुख्य उल्कापातों में से पहला एटा एक्वेरिड या एटा एक्वेरिड शावर है। इसका नाम कुंभ राशि के एक तारे, वाटर कैरियर के नाम पर रखा गया है, क्योंकि ऐसा प्रतीत होता है कि उल्कापिंड वहीं से उत्पन्न होते हैं। उल्कापिंड छोटे कण होते हैं जो पृथ्वी के वायुमंडल से टकराते हैं और जलते ही प्रकाश की एक लकीर बनाते हैं। उल्कापात तब होता है जब कई कण टकराते हैं, सभी एक ही दिशा से आते हैं। वे आम तौर पर पृथ्वी के धूमकेतु द्वारा छोड़ी गई धूल की धारा से गुजरने के कारण होते हैं। एटा एक्वेरिड्स के लिए, धूमकेतु प्रसिद्ध हैली धूमकेतु है, जिसे पहली बार 2,000 साल से भी पहले दर्ज किया गया था। 2024 में, सोमवार 6 और मंगलवार 7 मई की सुबह उन्हें देखने का अच्छा अवसर मिलेगा, क्योंकि चंद्रमा आकाश में चमक नहीं रहा होगा। दिसंबर में दो मुख्य उल्कापातों में से दूसरा जेमिनीड शावर है।



## ट्रेंड

### सरकार की प्राथमिकता



हम भारत वर्ष की नारी शक्ति को सशक्त बनाने और उन्हें भारत की प्रगति का संचालक बनाने को अत्यधिक प्राथमिकता देते हैं। केरल में श्रीत्रि शक्ति मोदिक्कोप्पम में बोलते हुए हमने अपनी इसी प्राथमिकता को दोहराया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### वीवीपैट बहुत जरूरी



लोकतंत्र में यह जानना हमारा अधिकार है कि मेरा वोट सही ढंग से डाला गया है। मैंने कभी भी ईवीएम पर भरोसा नहीं किया। वीवीपैट मुझे दिखाता है कि मेरे वोट का सही उपयोग हुआ है। ये मुझे आश्वस्त करने के लिए बहुत जरूरी है।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### सत्य की जीत



माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से पता चलता है कि सत्य की जीत हुई है। सत्यमेव जयते। मैं उन लोगों का आभारी हूं जो हमारे साथ खड़े रहे। भारत की विकास गाथा में हमारा विनम्र योगदान जारी रहेगा। जय हिन्द।

-गौतम अडाणी, उद्योगपति

### युवाओं को पता नहीं



पिछले सालों में युवा हुए करोड़ों नागरिकों को यह देखने का अनुभव ही नहीं है कि प्रधानमंत्री कभी प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करते थे, कैसी होती थी वह? वे जानते ही नहीं कि लोकतंत्र में प्रधानमंत्री कैसे प्रेस के माध्यम से जनता को अपनी जवाबदेही निभाता है।

-राहुल देव, पत्रकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए यज्ञमंडप तैयार

# राम मंदिर परिसर में 13 और मंदिर बनाए जाएंगे, 6 परकोटे के अंदर और 7 बाहर होंगे

भगवान सूर्य, भगवान शिव, माता भगवती, गणपति, हनुमान जी के अलावा अन्नपूर्णा देवी के मंदिर होंगे। परकोटे का काम पूरा होने के बाद शुरू होगा इन मंदिरों का निर्माण।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में 70 एकड़ में बन रहे राम मंदिर परिसर में 13 और मंदिर बनाए जाएंगे। इनमें भगवान सूर्य, भगवान शिव, माता भगवती, गणपति, हनुमान जी के अलावा अन्नपूर्णा देवी के मंदिर होंगे। इन मंदिरों का निर्माण परकोटे का काम पूरा होने के बाद शुरू होगा। परकोटे के बाहर 7 अन्य मंदिर बनने हैं। इसमें ऋषि वाल्मीकि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, शबरी, निषाद राज और अहिल्या का मंदिर होगा। इन मंदिरों का निर्माण 2024 तक पूरा हो जाएगा। इधर, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए मुख्य यज्ञ मंडप बन कर तैयार हो गया है। मंदिर के महासिंहद्वार से पूरब दिशा में यज्ञमंडप बनाया गया है। श्रीराम जन्मभूमि के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया, राम मंदिर परिसर में बन रहे भगवान राम के भव्य मंदिर के अलावा दूसरे चरण में 13 मंदिरों का निर्माण किया जाएगा। परकोटे के चारों ओर पंचायतन को परिभाषित करते हुए 6 अन्य भगवानों के मंदिर बनाए जाएंगे।

इसी साल पूरा हो जाएगा इन मंदिरों का निर्माण

महासिंहद्वार से पूरब दिशा में यज्ञमंडप बनाया गया



### 17 जनवरी को रामलला की नई मूर्ति आएगी सामने

मंदिर को इस तरह से डिजाइन किया जा रहा है कि जो भी श्रद्धालु आएं, वो कम से कम 1 घंटे तक परिसर में रुकें। दूसरे फेज में जो भी मूर्ति लगेंगी, उसको परिसर में ही बनाया जाएगा। ट्रस्ट के सूत्रों के मुताबिक, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद मंदिर में दूसरे फेज का निर्माण शुरू हो जाएगा। मंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार पूर्व दिशा में होगा। उत्तर दिशा में निकास द्वार है। 70 एकड़ के 30% भाग पर मंदिर का निर्माण हो रहा है। बाकी जमीन पर ग्रीनरी यानी पौधे लगाए जाएंगे। यहां पहले से मौजूद 600 से अधिक पेड़ों को भी कटने से बचाया गया है। सीता कूप के पास परकोटे में आने वाले वटवृक्ष को दूसरी जगह पर शिफ्ट कर दिया गया है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। 16 जनवरी से प्राण प्रतिष्ठा के लिए जरूरी अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे। ट्रस्ट से जुड़े सूत्र बताते हैं कि गर्भगृह में विराजित की जाने वाली रामलला की नई मूर्ति 17 जनवरी को सार्वजनिक की जाएगी। इसी दिन रामलला की नई प्रतिमा यानी चयनित अचल मूर्ति को शोभायात्रा के जरिए नगर भ्रमण कराया जाएगा। इधर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दावा किया है कि कर्नाटक के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई रामलला की मूर्ति मंदिर में स्थापित होगी। उन्होंने लिखा, 'जहां राम हैं, वहां हनुमान हैं।

### कुछ ऐसा रहेगा कार्यक्रम

18 को मंडप प्रवेश पूजन, वास्तु पूजन, गणपति पूजन के साथ जलाधिवास होगा। अगले दिन से अनुष्ठान के लिए अग्नि प्रज्ज्वलित की जाएगी। 20 जनवरी को देशभर की पवित्र नदियों के जल से शुद्धिकरण के बाद अन्नाधिवास होगा। 21 को शैयाधिवास होगा। 22 को पीएम मोदी मुख्य यजमान के तौर पर दोपहर 12:20 के बाद मृगशिरा नक्षत्र में रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कर पहली आरती उतारेंगे।

### रामलला की तीनों मूर्तियां मंदिर में लगेंगी

अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के 19 दिन बाकी हैं, लेकिन अब तक ये तय नहीं हो पाया है कि गर्भगृह में राम लला की कौन सी मूर्ति विराजमान होगी। मंदिर प्रबंधन ने तीन मूर्तिकारों की मूर्तियों को चुना था, जिनमें से एक को फाइनल किया जाना था। मंदिर ट्रस्ट की हाल ही में हुई बैठक में गर्भगृह की मूर्ति पर एक राय नहीं बन सकी थी। ऐसे में अब मंदिर के ट्रस्टी का कहना है कि मूर्तिकारों के बीच किसी भी तरह का कॉम्पिटिशन ना करवाकर तीनों ही मूर्तियों को भव्य राम मंदिर में लगाया जाएगा। हालांकि गर्भगृह में कौन-सी मूर्ति लगेगी, इसका अंतिम निर्णय काशी के आचार्य गणेश्वर शास्त्री लेंगे।

## पीएम ने केरल में भाजपा महिला सम्मेलन को किया संबोधित

# देश में मोदी की गारंटी की चर्चा, केरल में कांग्रेस और लेफ्ट ने महिलाओं को कमजोर माना

43 मिनट के संबोधन में पीएम ने कहा- आज कल देश में मोदी की गारंटी की चर्चा है, लेकिन मैं मानता हूं कि देश की नारी शक्ति विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी हैं।

एजेंसी ▶▶ त्रिशूर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केरल के त्रिशूर में भाजपा महिला सम्मेलन को संबोधित किया। 43 मिनट के संबोधन में पीएम ने कहा- आज कल देश में मोदी की गारंटी की चर्चा है, लेकिन मैं मानता हूं कि देश की नारी शक्ति विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस, लेफ्ट, एलडीएफ और यूडीएफ की सरकारों ने नारी शक्ति को कमजोर माना। कांग्रेस और लेफ्ट की सरकारों ने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण देने का कानून लटकाए रखा। मोदी सरकार ने महिलाओं को वो अधिकार दिलाया। देश में कांग्रेस और लेफ्ट की सरकार थी, तो मुस्लिम बहनें तीन तलाक से परेशान थी। मोदी सरकार ने उसे खत्म करने की गारंटी दी थी और उसे खत्म करके भी दिखाया। बीजेपी सरकार के लिए चार जातियां सबसे ऊपर हैं, किसान, गरीब, युवा, महिला।

**खास बातें**

- कांग्रेस और लेफ्ट की सरकारों ने महिलाओं को आरक्षण देने के कानून को लटकाए रखा
- मोदी सरकार ने महिलाओं को उनका अधिकार दिलाया



### लेफ्ट-कांग्रेस एक जैसे

केरल में लंबे समय तक लेफ्ट और कांग्रेस, सत्ता और विपक्ष का ढोंग रचते रहे हैं। ये सिर्फ नाम के लिए दो पार्टियां हैं। केरल में करप्शन हो, क्राइम हो या परिवारवाद, ये दोनों सब कुछ मिलकर करते हैं। अब इंडी अलायंस बनाकर इन्होंने घोषणा कर दी है कि इनकी विचारधारा और नीतियों में कोई अंतर नहीं है।

### हम इराक में फंसी केरल की नर्सेस को वापस लाए

केरल की माताओं की संतानें, दुनियाभर में काम करने जाती हैं। बीते कुछ सालों में दुनियाभर में कितने संकट आए। कोरोना हो, रूस-यूक्रेन जंग हो। जब केरल की नर्सेस इराक में फंसी थीं तो बीजेपी सरकार उन्हें सुरक्षित बाहर निकालकर लाई। कल्पना कीजिए, अगर दिल्ली में लेफ्ट-कांग्रेस की कमजोर सरकार होती तो हमारी इन बेटियों का क्या होता?

### विपक्षी गठबंधन ने मंदिरों को लूट का जरिया बनाया

मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन, हमारी आस्था पर चोट करता है। इन्होंने मंदिरों को, हमारे त्योहारों को भी लूट का जरिया बना दिया है। त्रिशूर पूरम के साथ जैसी राजनीति की जा रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। सबरीमाला में भी जिस तरह की अव्यवस्था सामने आई है, उससे श्रद्धालुओं को असुविधा हुई है। ये यहां की राज्य सरकार की अक्षमता का प्रमाण है।

### लक्षद्वीप में बोले, प्यार से अभिभूत हूं

पीएम मोदी ने बुधवार सुबह लक्षद्वीप के कावारत्ती में 1150 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।



उन्होंने कावारत्ती स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- लक्षद्वीप का क्षेत्रफल भले छोटा है, लेकिन इसका हृदय बहुत बड़ा है। मैं यहां मिल रहे प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। पीएम ने कहा- 2020 में मैंने आपको गारंटी दी थी कि अगले 1000 दिनों के अंदर आपको तेज इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। आज कोच्चि-लक्षद्वीप सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर प्रोजेक्ट का उद्घाटन हुआ है। अब लक्षद्वीप में 100 गुना ज्यादा स्पीड से इंटरनेट मिलेगा।

### लक्षद्वीप आज जापान को मछली निर्यात कर रहा

पीएम मोदी ने कहा- आज भारत विश्व समुद्री खाद्य बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इससे लक्षद्वीप को काफी फायदा हो रहा है। आज लक्षद्वीप की टूना मछली जापान को निर्यात की जा रही है। लक्षद्वीप में समुद्री शैवाल की खेती से जुड़ी संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- आजादी के बाद दशकों तक केंद्र में रही सरकारों की एकमात्र प्राथमिकता अपने-अपने राजनीतिक दलों का विकास करना था। दूर-दराज के राज्यों, सीमावर्ती इलाकों या समुद्र के बीच के इलाकों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने इन इलाकों के विकास को प्राथमिकता दी है। इससे पहले 2 जनवरी को मोदी तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली पहुंचे थे। यहां उन्होंने इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग समेत करीब 20 हजार करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन किया।



## आबकारी नीति से जुड़ा धन शोधन मामला

# तीसरे समन पर भी केजरीवाल ईडी के समक्ष नहीं हुए पेश

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल के आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के तीसरे समन पर भी उसके सामने उपस्थित नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री का देश की प्रशासनिक और न्यायिक प्रणाली पर विश्वास नहीं होने का आरोप लगाया। केजरीवाल बुधवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले में ईडी द्वारा जारी समन पर तीसरी बार पेश नहीं हुए। आप ने आरोप लगाया कि बार-बार नोटिस भेजना उन्हें गिरफ्तार करने और लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने की साजिश का हिस्सा था।



### भाजपा ने कहा-उनका न्यायिक प्रणाली पर भरोसा नहीं

भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल की तरह मनीष सिसोदिया और संजय सिंह भी ईडी के नोटिस को गलत बताते थे लेकिन उन्हें एजेंसी के सामने पेश होना पड़ा ओर आज प्रयासों के बावजूद जमानत मिलना तो दूर उन्हें हर अदालत में फटकार मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया, "जिस तरह से केजरीवाल ईडी के समन से बच रहे हैं उससे साफ पता चलता है कि उन्हें देश की प्रशासनिक और न्यायिक व्यवस्था पर भरोसा नहीं है और उसके बाद सवाल उठता है कि क्या उनके पास मुख्यमंत्री बने रहने का कोई नैतिक आधार बचा है।'

## किसी व्यक्ति के समग्र विकास और राष्ट्र निर्माण में खेलों की अहम भूमिका : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के घुमारवीं विधानसभा में सांसद खेल महाकुंभ 2.0 के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री जयराम ठाकुर जी समेत कई गणमान्य भी उपस्थित रहे। सांसद खेल महाकुंभ 2.0 की जानकारी देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि "मेरा मानना है कि किसी व्यक्ति के समग्र विकास और राष्ट्रनिर्माण में खेलों की अहम भूमिका है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और उन्हें एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए लगातार मैं प्रयासरत हूं। हमारे ग्रामीण और पंचायत स्तर पर बहुत सी अनूठी प्रतिभाएं मौजूद हैं जिन्हें बस ढूंढ कर सामने लाने के लिए एक मंच की जरूरत है।इसे ध्यान में रखते हुए मैंने 2018 में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में खेल महाकुंभ की शुरुआत की जोकि बहुत ही सफल रहा।



## खबर संक्षेप

### अयोध्या में लता मंगेशकर चौक बना नया सेल्फी केंद्र

**अयोध्या (भाषा)।** उत्तर प्रदेश की अयोध्या नगरी में मशहूर गायिका लता मंगेशकर को समर्पित चौक स्थानीय निवासियों और यहां आने वाले पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बन गया है। इस चौक पर लोग उत्साह के साथ सेल्फी ले रहे हैं।



### राम मंदिर में दर्शन के लिए न्योते की जरूरत नहीं

**इंदौर (भाषा)।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने बुधवार को कहा कि अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर में दर्शन के लिए उन्हें किसी व्यक्ति के न्योते की जरूरत नहीं है क्योंकि भगवान राम उनके हृदय में बसते हैं।



### मानहानि : संजय सिंह को एक लाख हर्जाना देने का निर्देश

**लखनऊ (भाषा)।** लखनऊ की एक अदालत ने आप नेता संजय सिंह को मानहानि के एक मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह को एक लाख रुपये का हर्जाना देने का बुधवार को निर्देश दिया। दीवानी न्यायाधीश ने संजय सिंह को दो महीने के भीतर हर्जाना देने का निर्देश दिया।



## झारखंड में गठबंधन विधायकों की बैठक

# सीएम हेमंत ने विधायकों से कहा-मैं इस्तीफा नहीं दे रहा

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के रांची में सीएम आवास में गठबंधन दलों के विधायकों की बैठक खत्म हो गई। 45 मिनट चली बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। बैठक में शामिल विधायकों से हेमंत सोरेन ने कहा, सोशल मीडिया और अखबारों पर ध्यान न दें। मैं किसी भी कीमत पर इस्तीफा नहीं दे रहा हूं। साथ ही सभी विधायकों को अभी रांची में ही रहने का निर्देश दिया गया है। चर्चा है कि सभी विधायक मिलकर वनभोज में जा सकते हैं। बैठक से बाहर निकले कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन अभी मुख्यमंत्री हैं और आगे भी मुख्यमंत्री बने रहेंगे। विधायक मथुरा महतो ने कहा सरकार पर कोई संकट नहीं है।

### हेमंत सोरेन हमारे सर्वमान्य नेता



सीएम हेमंत सोरेन है और वहीं बरकरार रहेंगे उन्होंने कहा कि इस्तीफे की बात सही नहीं है। जैसा है वैसा चलता रहेगा। मिथिलेश ठाकुर ने कहा हेमंत सोरेन हमारे सर्वमान्य नेता हैं। वही मौजूद रहेंगे। पत्रकारों ने जब पूछा कि फिर यह विधायक दल की बैठक क्यों ? इस पर उन्होंने कहा नये साल में हम सभी मिले हैं।

## कमिश्नर ने 13 अधिकारियों का पैनल बनाया

# दिल्ली पुलिस करेगी नए क्रिमिनल लॉ का अध्ययन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने हाई रैंकिंग अधिकारियों का एक पैनल बनाया है, जो संसद की तरफ से हाल ही में पास किए गए तीन क्रिमिनल बिल की स्टडी करेगा। ये पैनल इन बिलों की स्टडी करके कोर्स मैटेरियल भी तैयार करेगा। हालांकि, अभी गृह मंत्रालय ने इन बिलों को लागू करने की तारीख का ऐलान नहीं किया है, इसके पहले ही दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने 13 अफसरों की कमेटी बना दी है। ये तीन कानून हैं- भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) बिल 2023, जिन्हें ब्रिटिश काल के इंडियन पीनल कोड (आईपीसी), क्रिमिनल प्रोसिजर कोड (सीआरपीसी) और इंडियन एविडेंट एक्ट की जगह लागू किया जाएगा। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इन बिलों पर मुहर लगाई थी। इस पैनल की अगुआई के लिए दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने आईपीएस ऑफिसर छाया शर्मा को चुना है।

## राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश करेंगे नेतृत्व

# राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों के सम्मेलन में हिस्सा लेंगे भारतीय सांसद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के नेतृत्व में भारतीय संसद का एक शिष्टमंडल रवाना हो गया है, जो 4 से 6 जनवरी, 2024 तक होने वाले राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 27वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) में भाग लेगा। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार यह सम्मेलन प्रत्येक दो वर्ष में आयोजित किया जाता है, जिसमें राष्ट्रमंडल संसदों के 30 से अधिक पीठासीन अधिकारी आम चिंता के मुद्दों पर चर्चा करते हैं और अपने विधानमंडलों की चुनौतियों से निपटने के अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करते हैं।



### 5 चर्चाओं में भाग लेंगे

भारत की ओर से पीठासीन अधिकारी के रूप में हरिवंश को संसदीय कार्य में आम सहमति बनाना विषय पर विशेष सत्र को संबोधित करने का सम्मान प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त, वे सभी 5 चर्चाओं में भाग लेंगे जिसमें वे भारत के विचारों और सुझावों को रखेंगे। हरिवंश युगांडा से अध्यक्षता ग्रहण करेंगे क्योंकि अगला 28वां सम्मेलन 2026 में भारत में आयोजित किया जाएगा। राज्य सभा के महासचिव श्री पी.सी. मोदी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शिष्टमंडल में शामिल हैं।

## ठंड में ताज का दीदार



आगरा। भीषण ठंड के बीच आगरा के ताजमहल परिसर में लगी पर्यटकों की भीड़।

## अध्ययन में खुलासा, एशिया में दूसरी सबसे बड़ी संख्या

# भारत में कैंसर से 9.3 लाख लोगों की मौत

देश में 2019 में 12 लाख मामले आए

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि भारत में 2019 में कैंसर के 12 लाख नए मामले सामने आए वहीं 9.3 लाख लोगों की कैंसर से मौत हो गई। 'द लांसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया' पत्रिका में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। शोधकर्ताओं ने पाया कि कैंसर के बढ़ते मामलों और इससे होने वाली मौत के मामले में एशिया में चीन और जापान भी भारत से पीछे नहीं हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार 2019 में एशिया में कैंसर जन स्वास्थ्य के लिए अहम खतरा बना, जहां इसके 94 लाख नए मामले सामने आए और 56 लाख लोगों की मौत हो गई। इनमें से चीन में कैंसर के सर्वाधिक 48 लाख नए मामले सामने आए और 27 लाख लोगों की मौत हुई। जापान में कैंसर के लगभग नौ लाख नए मामले सामने आए और 4.4 लाख मौतें हुईं। शोधकर्ताओं की अंतरराष्ट्रीय टीम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर और बठिंडा के शोधकर्ता भी शामिल थे। उन्होंने अपने अध्ययन में लिखा,'' हमने 1990 से 2019 के बीच एशिया के 49 देशों में 29 प्रकार के कैंसर के अस्थाई पैटर्न की जांच की...।'' शोधकर्ताओं के अनुसार एशिया में कैंसर सबसे अधिक श्वासनली, ब्रोन्कस और फेफड़ों (टीबीएल)में पाया गया। इनके अनुमानित 13 लाख मामले सामने आए और 12 लाख लोगों की मौत हुई। पुरुषों में इन अंगों के कैंसर के अधिकतर मामले मिले।

### महिलाओं में गर्भाशय कैंसर के मामले दूसरे स्थान पर



शोधकर्ताओं ने बताया कि महिलाओं में खासतौर पर गर्भाशय के कैंसर के मामले दूसरे नंबर पर और कई एशियाई देशों में शीर्ष पांच में रहे। 2006 में सामने आया 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीका बीमारी को रोकने और एचपीवी से संबंधित मौतों को कम करने में प्रभावी साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि धूम्रपान,शराब पीना और प्रदूषक कण कैंसर के लिए जिम्मेदार 34 कारकों में प्रमुख पाए गए। उन्होंने अपने अध्ययन में कहा, '' एशिया में बढ़ते परिवेशीय वायु प्रदूषण के कारण कैंसर के मामले चिंताजनक हैं।''

### गुटखा और तंबाकू का सेवन चिंता की बात

शोधकर्ताओं के अनुसार भारत, बांग्लादेश और नेपाल जैसे दक्षिण एशियाई देशों में खैनी, गुटखा, पान मसाले के रूप में तंबाकू का सेवन चिंता का विषय है। इनसे 2019 में दुनिया भर में होने वाली कुल मौतों में से भारत में 32.9 प्रतिशत मौत हुई हैं और होंठ और मुंह के कैंसर के 28.1 प्रतिशत नए मामले सामने आए। उन्होंने कहा,''मुंह के कैंसर के 50 प्रतिशत से अधिक मामले तंबाकू के सेवन से जुड़े हैं। हाल के दिनों में भारत सहित दक्षिण एशिया में इसका चलन बढ़ा है।'




## उप्र के दो सचिवों को हिरासत में लिए जाने के मामले पर सुको की टिप्पणी

# सरकारी अधिकारियों को बुलाने के लिए नहीं चलेगी कोर्ट की मनमानी

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को रद किया

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में सरकारी अधिकारियों को तलब करने के मनमाने अदालती आदेश संविधान में दी गई व्यवस्था के अनुकूल नहीं हैं। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तय की। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड, न्यामूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि अदालतों के लिए एसओपी इस बात पर जोर देते हैं कि उन्हें अधिकारियों को मनमाने तरीके से तलब करने से बचना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अदालतें किसी अधिकारी को केवल इसलिए तलब नहीं कर सकतीं कि उनकी राय अदालतों की राय से भिन्न है। इसमें कहा गया कि अदालतों को ऐसी टिप्पणियों से बचना चाहिए जो अधिकारियों को अपमानित करने वाली हों।

■ अदालती कार्यवाही के दौरान अधिकारियों को अपमानित करने वाली टिप्पणी या अवलोकन करने से बचना चाहिए



**अदालतों के वास्ते व्यापक दिशानिर्देश जारी होंगे**

शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उन आदेशों को भी खारिज किया जिनके आधार पर उत्तर प्रदेश वित्त विभाग के दो सचिवों को हिरासत में लिया गया था। इससे पहले पीठ ने कहा था कि वह सरकारी अधिकारियों को तलब करने के लिए देशभर की अदालतों के वास्ते व्यापक दिशानिर्देश जारी करेगी।

### सीजेआई ने सुनवाई के दौरान दी चेतावनी

## वकील साहब, धीरे बोलें, वर्ना अभी कोर्ट से बाहर कर दूंगा



■ बोले-23 साल के करियर में इस तरह से किसी ने बात नहीं की

■ चीफ जस्टिस की चेतावनी के बाद वकील ने तुरंत माफी मांगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ एक वकील पर नाराज हो गए। वकील एक याचिका की लिस्टिंग को लेकर सीजेआई से तेज आवाज में बोल बैठे। इस पर चंद्रचूड़ ने वकील को फटकार लगाते हुए कहा- आप आवाज नीचे करके बात करें, नहीं तो कोर्ट से बाहर करवा दूंगा। सीजेआई ने वकील से कहा कि एक सेकेंड, पहले अपनी आवाज धीमी करें। आप सुप्रीम कोर्ट में खड़े होकर अपनी बात रख रहे हैं। अगर आपको लगता है कि ऊंची आवाज में बातकर आप कोर्ट को डरा सकते हैं, तो आप गलत हैं। मेरे 23 साल के करियर में इस तरह से किसी ने मुझसे बात नहीं की। करियर के बचे हुए एक साल में भी ऐसा नहीं होने दूंगा। चीफ जस्टिस ने वकील से कहा कि आपको पता होना चाहिए कि आप कहां खड़े हो रहे हैं। क्या आप हर बार जस्टिस पर इसी तरह चिल्लाते हैं? चीफ जस्टिस की चेतावनी के बाद वकील ने तुरंत माफी मांगी और विनम्र होकर आगे अपनी बात कोर्ट के सामने रखी।

## जापान में भूकंप से ध्वस्त हुई इमारतों के मलबे में फंसे जीवित लोगों की तलाश, अब तक 73 की जान गई

एजेंसी ▶▶ सुजु (जापान)



■ भूकंप-सुनामी के बाद लैंडस्लाइड का खतरा

■ भारी बारिश का अलर्ट अब तक 400 ऑफ्टरशॉक

पश्चिमी जापान में आए शक्तिशाली भूकंपों में कम से कम 73 लोगों की मौत हो चुकी है और प्राकृतिक आपदा के कारण ध्वस्त हुई इमारतों के मलबे में कई लोगों के अब भी फंसे होने की आशंका के बीच बुधवार को बचावकर्मियों ने खोजी कुत्तों की मदद से तलाशी अभियान चलाया। जापान के इशिकावा प्रांत और आसपास के इलाकों में बुधवार को 4.9 तीव्रता के झटके महसूस हुए। जापानी मौसम विभाग के हवाले से बताया कि बुधवार सुबह तक 400 आफ्टरशॉक दर्ज किए गए हैं। यह सोमवार दोपहर को आए 7.6 तीव्रता के भीषण भूकंप के बाद महसूस किए गए कई झटकों में से एक था। विशेषज्ञ बोले कि ऐसी आपदा में शुरुआती 72 घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि तीन दिनों के बाद किसी के जीवित बचने की संभावना कम रह जाती है।

### पैसे दिए बिना वेनेजुएला देश से कच्चा तेल खरीदेगा भारत

नई दिल्ली। भारत और वेनेजुएला के बीच ऐसी डील हो रही है, जिसके चलते भारत को यह देश तेल की सप्लाई करने पर सहमत हो गया है। वेनेजुएला के पास तेल का अकूत भंडार छिपा है। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला लंबित लाभांश के बदले भारतीय तेल कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड को तेल की आपूर्ति करने पर सहमत हो गया है। हालांकि लिफ्टिंग की तारीखें नहीं दी हैं। ओवीएल के लंबित बकाया के बदले में हमें कुछ तेल देने पर सहमत हुए हैं। हम उठान की तारीखों का इंतजार कर रहे हैं। **2019 से प्रतिबंधः** ओएनजीसी का 600 मिलियन डॉलर का लाभांश वेनेजुएला में फंसा हुआ है। अक्टूबर 2023 में वेनेजुएला सरकार और विपक्षी दलों के बीच हुए समझौते के बाद अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल एवं गैस पर लगे प्रतिबंधों को खत्म कर दिया था।

### ईपीएफओ ने ऊंची पेंशन का विकल्प चुनने वालों का ब्योरा अपलोड करने की समयसीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली। (भाषा)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नियोक्ताओं के लिए अधिक पेंशन का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों का वेतन विवरण अपने डेटाबेस में अपलोड करने की समय सीमा 31 मई तक बढ़ा दी है। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी मंडल के चेयरमैन ने नियोक्ताओं के लिए संबंधित ब्योरा अपलोड करने की समय सीमा बढ़ाने का फैसला किया है। इससे पहले उच्च अंशदान पर ऊंची पेंशन का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों का वेतन विवरण अपलोड करने के लिए नियोक्ताओं को 31 दिसंबर, 2023 तक का समय दिया गया था। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने सभी ग्राहकों को उच्च अंशदान पर अधिक पेंशन के लिए विकल्प/संयुक्त विकल्प चुनने के लिए आवेदन जमा करने के लिए एक ऑनलाइन सुविधा प्रदान की थी।

### कुंडू के डीजीपी पद से तबादले पर रोक लगाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी संजय कुंडू को हिमाचल के डीजीपी पद से स्थानांतरित करने के लिए राज्य सरकार को दिए गए उच्च न्यायालय के निर्देश पर बुधवार को रोक लगा दी। कुंडू को डीजीपी पद से स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। राज्यपाल ने कोर्ट के निर्देश पर कुंडू को स्थानांतरित करने का आदेश मजारी किया था।




### धार्मिक जुलूस



**जम्मू।** दसवें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती से पहले बुधवार को एक धार्मिक जुलूस के दौरान सिख श्रद्धालु करतब करता हुआ। *फोटो : एजेंसी*

## जयशंकर और यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा के बीच चर्चा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को अपने यूक्रेन के समकक्ष दिमित्रो कुलेबा के साथ द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तौर-तरीकों पर "उपयोगी" बातचीत की और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर के हाल ही में रूस के पांच दिवसीय दौरे के कुछ दिन बाद दोनों नेताओं की बीच फोन पर यह बातचीत हुई। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के साथ आज उपयोगी बातचीत। आने वाले वर्ष में हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। यूक्रेन में चल रहे संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं, कुलेबा ने कहा कि उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष को "शांति के फॉर्मूले" और नेताओं के "वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन के लिए यूक्रेन की योजना से अवगत कराया।



रूस के पांच दिवसीय दौरे के कुछ दिन बाद दोनों नेताओं में बातचीत हुई



### विदेश मंत्री आज जाएंगे काठमांडू

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर 4 व 5 जनवरी को नेपाल दौरे पर जाएंगे। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद के निमंत्रण पर काठमांडू का दौरा करेंगे। दोनों नेता भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। भारत अगले 10 सालों में 10 हजार मेगावाट बिजली की खरीद करेगा। सभी द्विपक्षीय मुद्दों पर भी दोनों विदेश मंत्रियों की बैठक में चर्चा होगी।




## असमः बस-ट्रक की टक्कर में 12 लोगों की जान गई

गोलाघाट/जोरहाट (असम) (भाषा) असम के गोलाघाट जिले में बुधवार को एक कोयला लदे ट्रक और एक बस की आमने-सामने की टक्कर में तीन बच्चों समेत कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गोलाघाट जिला आयुक्त पी उदय प्रवीण ने बताया कि यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर डेरगांव के पास बालीजान में हुई जब 49 यात्रियों को ले जा रही बस ट्रक से टकरा गई। उन्होंने कहा कि जान गंवाने वाले 12 लोगों में से छह महिलाएं हैं। ये सभी बासा भरालुवा गांव के थे। जिला आयुक्त ने बताया कि जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 31 लोगों का इलाज किया जा रहा है, जबकि मामूली रूप से घायल हुये अन्य लोगों को डेरगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।



■ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने हादसे पर शोक जताया

## अमेरिका में भारतीय मूल के दंपति और बेटी की मौत को हत्या-आत्महत्या करार दिया



न्यूयॉर्क (अमेरिका) (भाषा)। अमेरिकी राज्य मैसाचुसेट्स में पिछले सप्ताह भारतीय मूल के एक अमीर दंपत्ति और उनकी बेटी की मौत को पोस्टमार्टम के बाद चिकित्सा अधिकारियों ने हत्या-आत्महत्या करार दिया है। 28 दिसंबर को राकेश कमल (57), उनकी पत्नी टीना कमल (54) और उनकी कॉलेज में पढ़ने वाली बेटी एरियाना कमल (18) मैसाचुसेट्स के डोवर में अपने 50 लाख अमेरिकी डॉलर के आलीशान घर में मृत पाए गए थे। राकेश कमल के पास से एक बंदूक बरामद हुई। नॉरफोक डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी माइकल मॉरिसी के कार्यालय द्वारा मंगलवार को कहा गया है कि मुख्य चिकित्सा परीक्षक के कार्यालय द्वारा जारी किए गए पोस्टमार्टम परिणाम इस बात की पुष्टि करते हैं कि टीना और बेटी एरियाना की गोली मारकर हत्या की गई थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25